CMYK

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 22 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 94 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 3 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग पेज 2



चोटिल आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर खेल टाइम्स



धधकती धरती: विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन सम्पादकीय



भारत ने इजरायल की मदद कर कानून तोड़ा: यूएन दूत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प व वेंस पर टिप्पणी करने वाला CDS का वीडियो फर्जी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के दुष्प्रचार नेटवर्क ने इंटरनेट पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करते हुए छेड़छाड़ किया गया डाक्टर्ड वीडियो साझा किया गया है, जिसमें झूठा दावा किया गया है कि भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए गए इस क्लिप में संदर्भ को बिगाड़कर पेश किया गया है। यह राजनयिक संबंधों में तनाव पैदा करने और जनता को गुमराह करने के समन्वित प्रयासों का हिस्सा लग रहा है। जनरल अनिल चौहान के एक पुराने साक्षात्कार से निकाले गए इस जोड़-तोड़ वाले क्लिप में उन्हें कथित तौर पर ईरान के साथ युद्धविराम वार्ता के सिलसिले में जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा पर टिप्पणी करते हुए दिखाया गया है।

### पाक ने नई 'तैमूर' क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने समुद्री मारक क्षमताओं को और धार देते हुए स्वदेश विकसित 'तैमूर' एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। देश की सैन्य-मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तानी नौसेना ने तैमूर मिसाइल का परीक्षण किया। यह एक ऐसी जहाज-रोधी हथियार प्रणाली है, जो लंबी दूरी तक सटीक हमला करने में सक्षम है। बयान में कहा गया है कि मिसाइल ने अपने मिशन को असाधारण सटीकता के साथ पूरा किया है। यह समुद्री खतरों का पता लगाने, उन पर नजर रखने और उन्हें बेअसर करने की क्षमता रखती है।

### पाकिस्तानी अपराधी मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी खुफिया कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर और आईएसआई के कथित गुर्गे शहजाद भट्टी से जुड़े एक अपराधी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो युवा गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लक्षित हत्याओं (टारगेट किलिंग) और हमलों की योजना बना रहे थे। पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी शहजाद भट्टी के निर्देश पर काम कर रहे थे और गोलीबारी तथा ग्रेनेड हमले करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे।

### रक्षा मंत्रालय ने किए 975 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने टी-72, टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधाानी में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए।

# सीजफायर पर छाया संकट

## ईरान की चुप्पी ,वेंस अभी भी अमेरिका में ही मौजूद

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका- ईरान** के बीच चल रहा दो सप्ताह का संघर्षविराम अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के मुताबिक, यह सीजफायर बुधवार सुबह खत्म होने वाला है, लेकिन शांति की उम्मीदें अब धुंधली पड़ती दिख रही हैं।

एक ओर जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रतिनिधि और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की रवानगी को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। वहीं ईरान ने पाकिस्तान में होने वाली प्रस्तावित शांति वार्ता को लेकर पूरी तरह चुप्पी साध ली है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने साफ किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा संघर्षविराम भारतीय समयनुसार बुधवार सुबह 5.20 बजे समाप्त हो जाएगा। यदि समय सीमा समाप्त होने से पहले कोई ठोस फैसला नहीं हुआ, तो दोनों देशों के बीच फिर से सीधी जंग शुरू हो सकती है। पाकिस्तान का कहना है कि दो सप्ताह के इस सीजफायर के खत्म होने से पहले ईरान का बातचीत की मेज पर आना बेहद जरूरी है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अभी तक वाशिंगटन से रवाना नहीं हुए हैं। वे फिलहाल अतिरिक्त नीतिगत बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं और अभी यह साफ नहीं है कि वे पाकिस्तान के लिए कब उड़ान भरेंगे। हालांकि पहले ऐसी खबरें आई थीं कि वेंस अमेरिकी अधिकारियों के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ इस्लामाबाद की शांति वार्ता में हिस्सा लेने जाएंगे। लेकिन वेंस का अभी तक वाशिंगटन में ही मौजूद होना यह संकेत देता है कि कूटनीतिक स्तर पर अभी भी कई पेच फंसे हुए हैं और अमेरिका ईरान के अगले कदम का इंतजार कर रहा है। अताउल्लाह तरार ने बताया कि उनके देश ने ईरान को बातचीत के लिए मनाने की पूरी कोशिश की है, लेकिन ईरानी पक्ष की ओर से अभी तक कोई पुष्टि नहीं मिली है।



**संघर्षविराम भारतीय समयनुसार बुधवार सुबह 5.20 बजे समाप्त हो जाएगा, यदि समय सीमा समाप्त होने से पहले कोई ठोस फैसला नहीं हुआ, तो दोनों देशों के बीच फिर से सीधी जंग शुरू हो सकती है**

### ट्रम्प का किसी भी कीमत पर युद्धविराम बढ़ाने से इन्कार

**वाशिंगटन।** दुनिया भर की निगाहें इस समय अमेरिका और ईरान के बीच मंडरा रहे युद्ध के बादलों पर टिकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस तनावपूर्ण माहौल में अपनी स्थिति साफ कर दी है कि शांति की समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है।

ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि 22 अप्रैल की आधी रात के बाद वह किसी भी कीमत पर युद्धविराम को आगे नहीं बढ़ाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कूटनीति के लिए अब और समय देना मुमकिन नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है। समय सीमा 22 अप्रैल है और मैं युद्धविराम को बढ़ाना नहीं चाहता। जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौता न होने पर वह फिर से सैन्य कार्रवाई करेंगे, तो ट्रम्प ने बिना झिझक कहा कि वह बमबारी की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इसी रवैये के साथ आगे बढ़ना बेहतर है।

### पाक ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक किया बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक बंद रखने का फैसला किया है। अब ये पाबंदियां एक साल से भी ज्यादा समय तक लागू रहेंगी। पिछले साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपना-अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे। 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस पेस बंद है, वहीं दूसरी तरफ पिछले साल 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानों को भारतीय एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

# छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सबरीमाला मंदिर की सुनवाई के दौरान उठा सवाल, छठे दिन परंपरा व प्रथा पर हुए तर्क**

**सबरीमाला के वकील बोले: भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी, इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है। इसके लिए अदालत ने 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का गठन किया है, जो 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर विचार कर रही है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि यदि किसी आस्थावान भक्त को देवता को छूने से रोका जाता है, तो क्या ऐसे में संविधान उसकी रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा? यह टिप्पणी जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने उस समय की, जब यह चर्चा चल रही थी कि जन्म या परंपरा के आधार पर किसी को पूजा-अधिकार से वंचित किया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है। इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं। मामले में मंदिर के प्रमुख पुजारी की ओर से कहा गया कि पूजा की परंपराएं और अनुष्ठान धर्म का अभिन्न हिस्सा हैं और इन्हें धार्मिक अधिकार माना जाना चाहिए। उनके अनुसार, भक्त जब मंदिर आता है तो उसे देवता के स्वरूप और उसकी परंपराओं को स्वीकार करना होता है। सबरीमाला मामले के साथ-साथ अदालत अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े कई अहम मुद्दों की भी जांच कर रही है। इनमें मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश, अंतरधार्मिक विवाह के बाद पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश का अधिकार, बहिष्कार की प्रथाओं की वैधता और दाऊदी बोहरा समुदाय में महिला जननांग विकृति से जुड़े कानूनी सवाल शामिल हैं। सुनवाई के पहले दिन संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षकारों को तय समयसीमा के भीतर ही अपनी दलीलें प्रस्तुत करनी होंगी। अदालत ने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण मामले भी लंबित हैं, इसलिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। सभी वकीलों को अपने तर्क और दस्तावेज समय पर पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई का पूरा कार्यक्रम पहले ही तय कर दिया था। इसमें समीक्षा याचिकाओं के समर्थन में दलीलें 7 से 9 अप्रैल तक सुनी गईं। विरोधी पक्ष की दलीलें 14 से 16 अप्रैल तक रखी गईं। जवाबी दलीलें 21 अप्रैल को और अंतिम बहस एमिकस क्यूरी की ओर से 22 अप्रैल तक पूरी होने की संभावना है।


### तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा गुरुवार को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा, जिसमें 142 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहां मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ़ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है।

# केरल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 13 की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के मुंडथिक्कोडु इलाके में मंगलवार को एक पटाखा निर्माण यूनिट में भीषण विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब शहर में आयोजित होने वाले वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव त्रिशूर पूरम की तैयारियां चल रही थीं। इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है।

घटनास्थल पर पहुंचे राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के समय यूनिट में करीब 40 लोग काम कर रहे थे, क्योंकि आयोजकों द्वारा कर्मचारियों के लिए दोपहर का भोजन लाया गया था। अधिकारी ने कहा कि हमें सूचना मिली है कि सात लोग वहां से भागने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट उस पटाखा इकाई में हुआ, जहां त्रिशूर पूरम के थिरुवंबाडी गुट के लिए आतिशबाजी के सैंपल तैयार किए जा रहे थे। इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 5 लोगों की हालत बेहद ही गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी, जिसमें आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ। प्रारंभिक जानकारी में लगभग 40 लोगों के घायल होने की बात सामने आई थी, जिनमें से कम से कम पांच की हालत गंभीर बताई गई थी। घटना के तुरंत बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और प्रशासन ने त्रिशूर मेडिकल कॉलेज सहित आसपास के अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके। विस्फोट के बाद इलाके में घना धुआं और आग फैल गई, जिससे बचाव कार्यों में भी कठिनाई आई। घटनास्थल पर मौजूद अधजले और बिना फटे विस्फोटकों के कारण राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ।पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गईं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे धमाके की तीव्रता और वहां मौजूद विस्फोटक सामग्री के पैमाने का अंदाजा लगाया जा सकता है। राज्य संचालित केआईएलए के कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने तेज धमाके की आवाज सुनी और पहले उन्हें लगा कि यह भूकंप है।



**कई अन्य लोग घायल, पीएम ने जताया दुख**

### मध्य प्रदेश में रात में लू का अलर्ट, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है। मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है। महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पारा 43 डिग्री दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12:30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। दोनों ही राज्यों में दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में काम करने पर रोक लगा दी गई है।

# पहलगाम हमले के एक साल बाद भी बैसारन मैदान बंद

पहलगाम, वार्ता

**कश्मीर के** प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में पर्यटकों की वापसी शुरू तो हुई है, लेकिन संख्या अब भी कम बनी हुई है। इसका बड़ा कारण बैसारन घास का मैदान अब भी बंद होना है, जहां पिछले वर्ष आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

बैसारन में 22 अप्रैल को हुए हमले में कुल 26 लोगों की जानें गईं थी, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। हालात अब सामान्य हुए हैं, लेकिन 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर बैसारन अब तक बंद है, जिससे पर्यटकों का भरोसा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया है। हमले के बाद बंद किए गए कई पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया है, लेकिन बैसारन बंद ही रहा है। प्रवेश द्वार पर सरकार ने एक स्मारक बनाया है, जहां हमले में मारे गए 26 लोगों के नाम दर्ज हैं। पर्यटक वहां तस्वीरें लेते हैं, नाम पढ़ते हैं और फिर लिद्दर नदी के किनारे घूमकर लौट जाते हैं। पहलगाम टैक्सी ड्राइवर संघ के अध्यक्ष गुलाम नबी लोन ने कहा कि पर्यटक आ तो रहे हैं, लेकिन रात नहीं रुक रहे। इससे टैक्सी, घुड़सवारी और होटल व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल पहलगाम में करीब चार लाख पर्यटक आए, जो सामान्य 12.15 लाख की तुलना में काफी कम है। स्थानीय कारोबारी इस गिरावट के लिए बैसारन और आसपास के स्थलों के बंद रहने को जिम्मेदार मानते हैं। स्थानीय पर्यटन से जुड़े लोगों का कहना है कि बैसारन पहले कभी बंद नहीं रहा और इसे जल्द खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने चंदनवाड़ी के बंद होने पर भी चिंता जताई और कहा कि प्रमुख स्थल बंद होने से पर्यटक ठहरने के बजाय जल्दी लौट जाते हैं। फिलहाल मुख्य पहलगाम के बाहर केवल बेटाब वैली ही पर्यटकों के लिए खुली है। यहां करीब 5000 पोनीवाले और होटल व्यवसाई इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने टैक्सी चालकों, पोनीवालों और होटल कर्मचारियों को क्यूआर कोड जारी करना शुरू किया है। अब तक करीब 7000 लोगों को सत्यापन के बाद यह कोड दिया जा चुका है, और लक्ष्य 25,000 लोगों को शामिल करने का है। यह देश का पहला ऐसा स्थान है, जहां पहचान के लिए क्यूआर आधारित प्रणाली लागू की जा रही है। पोनीवाला एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद वानी ने कहा कि सुरक्षा इंतजाम बेहतर हुए हैं, लेकिन बैसारन के बंद रहने से पर्यटन को भारी नुकसान हो रहा है। पर्यटक भी बैसारन को खोलने की मांग कर रहे हैं। मुंबई से आए एक पर्यटक ने कहा कि मैं यहां घूमने आया हूं, डर नहीं है, लेकिन बैसारन बंद देखना निराशाजनक है। बैसारन जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा बलों ने नाके लगाए हैं और एक सीमा से आगे किसी को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



**'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर है बैसारन, पर्यटकों का भरोसा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया**

# कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि पीएम ने 'राष्ट्र के नाम संबोधन' में विपक्षी सांसदों के वोट और उनके इरादों पर सवाल उठाए थे। यह नियमों के खिलाफ है।

वेणुगोपाल ने लिखा कि पीएम ने करीब 29 मिनट के संबोधन में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण बिल रोकने का आरोप लगाया। सांसदों के वोटिंग पैटर्न पर सवाल उठाए। उनके फैसलों के पीछे की मंशा पर भी टिप्पणी की। कांग्रेस सांसद ने मांग की है कि इस मामले को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और पीएम के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए। स्पीकर को लिखे लेटर में कहा कि इस तरह के बयान चुने हुए सांसदों की स्वतंत्रता और उनकी ईमानदारी पर सवाल खड़े करते हैं। इससे संसद की गरिमा और अधिकार कमजोर होते हैं। संविधान सांसदों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार देता है। कोई भी व्यक्ति यहां तक कि प्रधानमंत्री भी, उनके वोट या आचरण पर सवाल नहीं उठा सकता।

- **लोकसभा स्पीकर को लेटर लिखा**
- **कहा: सांसदों के वोट पर टिप्पणी नियमों के खिलाफ**

## संक्षिप्त समाचार

### आप है ड्रामा पार्टी व केजरीवाल उसके निर्देशक: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आबकारी नीति से संबंधित मामले को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है और उसे ड्रामा पार्टी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को उसका निर्देशक बताया है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि केजरीवाल ने गत 13 मार्च को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष अर्जी लगाई और कहा कि हमें आप पसंद नहीं हैं, आप स्वयं ही इस मामले को त्याग दीजिए। इसके बाद इस देश की न्यायपालिका के खिलाफ सोचा समझा षड्यंत्र शुरू हुआ।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गरजेंगे वायुसेना के लड़ाकू जहाज

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 22 और 23 अप्रैल को एक बार फिर वायुसेना का युद्धाभ्यास होने जा रहा हैं, जहां लड़ाकू जहाज हवाई पट्टी को छूते हुए उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्थित अरवल कीरी-करवत हवाई पट्टी पर कल 22 और 23 अप्रैल को युद्धाभ्यास आयोजित करेगी। इस अभ्यास में अत्याधुनिक लड़ाकू विमान अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना के अधिकारियों ने आपातकालीन हवाई पट्टी पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया है। यूपीडा के प्रोजेक्ट मैनेजर इमरान खान ने बताया कि लड़ाकू विमानों के उतरने, उड़ान भरने और विशेष युद्धाभ्यास के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वायुसेना ने हवाई पट्टी के परीक्षण के लिए 22 अप्रैल का कार्यक्रम तय किया है।

## 25 अप्रैल तक दिन के समय लू चलने की चेतावनी जारी

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी 'आग'

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कई जिलों में पारा 44 डिग्री के पार
- वेस्ट यूपी में 27 को कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले कई दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों में 25 अप्रैल तक दिन के समय लू चलने की चेता. वनी जारी की है।

राज्य के अधिकांश भागों में फिलहाल मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश अथवा बौछार पड़ सकती है। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के अनुसार 21 से 26 अप्रैल तक पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्यत: मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान तेज धूप, गर्म हवाएं और तापमान में वृद्धि के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या समेत अनेक जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बुंदेलखंड और दक्षिणी हिस्सों में गर्मी का प्रभाव अधिक रह सकता है, जहां झांसी, बांदा, हमीरपुर और आसपास के क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के आसार हैं। वहीं प्रयागराज, कानपुर और वाराणसी मंडल में भी गर्म हवाओं के कारण तीखी गर्मी महसूस की जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का असर बना रहेगा। मौसम विभाग ने 22 से 25 अप्रैल के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी मंडल में 21 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच कई स्थानों पर लू की स्थिति बन सकती है। विभाग ने 23 और 24 अप्रैल को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर लू चलने की विशेष चेतावनी दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर निकलने से बचना चाहिए। पर्याप्त पानी पीना, हल्के सूती वस्त्र पहनना, बच्चों और बुजुर्गों को धूप से बचाना तथा आवश्यक होने पर ही यात्रा करना उचित रहेगा।

### किसानों व श्रमिकों को धूप से बचने की सलाह

खेतों में कार्य करने वाले किसान और श्रमिकों को भी धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 26 और 27 अप्रैल को अधिकांश क्षेत्रों में लू से राहत मिल सकती है, हालांकि तापमान ऊंचा बना रह सकता है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन को भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

# सीएम की अगुवाई में लखनऊ में महिला जनाक्रोश रैली

शाह टाइम्स ब्यूरो

- संसद में महिला बिल पास न होने पर सड़क पर उतरीं महिलाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से महिला आरक्षण बिल के समर्थन में 'महिला जन आक्रोश रैली' आयोजित की गई। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास (कालीदास मार्ग) से शुरू होकर विधान भवन तक निकाली गई।

पदयात्रा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी शामिल रहे। इसके अलावा महिला आयोग की अध्यक्ष व आयोग की टीम और सरकार के कई मंत्री भी पदयात्रा में मौजूद रहे। भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस मार्च में भागीदारी की। शहर के लगभग सभी वार्डों से महिलाओं की उपस्थिति देखने को मिली, जिससे यह रैली एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में सामने आई। पार्टी नेताओं के अनुसार यह पदयात्रा 'आधी आबादी' के अधिकारों की लड़ाई को लेकर निकाली गई है और इसका उद्देश्य महिला आरक्षण बिल के समर्थन में जनसमर्थन जुटाना है।

संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने का ऐलान किया था, जिसके तहत यह रैली आयोजित की गई। पदयात्रा सीएम आवास से निकलकर सिविल अस्पताल मार्ग होते हुए विधानसभा पहुंची, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित किया। भाजपा ने संकेत दिए हैं कि इस मुद्दे पर ब्लॉक स्तर से लेकर जिला मुख्यालयों तक इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर राजनीतिक माहौल को तेज किया जाएगा।

# पीएम मोदी 29 को करेंगे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

लखनऊ, वार्ता

- 120 किमी होगी स्पीड, मेरठ-प्रयागराज सफर सिमटेगा 6-7 घंटे में

उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद मेरठ से प्रयागराज के बीच यात्रा समय घटकर महज 6 से 7 घंटे रह जाएगा, जो अभी 10 से 12 घंटे लगता है।

अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेसवे को 120 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति के अनुरूप डिजाइन किया गया है। यह छह लेन का एक्सप्रेसवे है, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित करने की व्यवस्था की गई है। परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कराया गया है। एक्सप्रेसवे को 120 मीटर राइट-ऑफ-वे के साथ चार पैकेज में विकसित किया गया है, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जा सके। प्रवेश बिदुओं पर मेरठ और प्रयागराज में मुख्य टोल प्लाजा बनाए गए हैं, जबकि मार्ग पर 19 रैंप टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं, जिससे यात्रियों को सुविधाजनक आवागमन मिल सके। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर नौ पब्लिक यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स विकसित किए गए हैं। इनमें ईंधन स्टेशन, फूड कोर्ट, विश्राम स्थल और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक बनेगी।

# महिला सशक्तिकरण को प्रतिबद्ध सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हर पात्र महिला तक योजना पहुंचाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार सक्रिय है। महिलाओं को आर्थिक, सामा. जिक और सुरक्षा के स्तर पर मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में विधवा पेंशन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश में 40.32 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। महिला कल्याण विभाग की इस पहल के माध्यम से उन महिलाओं तक सीधे मदद पहुंचाई जा रही है, जिन्हें पति के निधन के बाद आजीविका संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल 40,32,629 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। योजना के अंतर्गत पेंशन राशि वर्ष में चार किस्तों में जारी की जाती है, जिसमें अप्रैल-जून, जुलाई-सितम्बर, अक्टूबर-दिसम्बर और जनवरी-मार्च की तिमाहियां शामिल हैं। वर्ष 2021 में सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए पेंशन राशि को 500 से बढ़ाकर 1,000 कर दिया था। यह धनराशि लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2016-17 से पहले इस योजना का लाभ करीब 17.31 लाख महिलाओं को मिल रहा था, जो अब बढ़कर 40-32 लाख से अधिक हो गया है। यह वृद्धि दर्शाती है कि सरकार लगातार अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं को योजना से जोड़ रही है। योजना के तहत वही महिलाएं पात्र हैं, जो उत्तर प्रदेश की स्थाई निवासी हों, जिनके पति का निधन हो चुका हो, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से कम हो। इस संबंध में महिला कल्याण निदेशालय की निदेशक डा. वंदना वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करती है।

### महिला आरक्षण क्रियान्वयन की इच्छुक नहीं है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व हमेशा महिला आरक्षण के पक्ष में रहा है और इसके लिए वह समय-समय पर वह सरकार पर दबाव भी बनाती रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार रणनीति के तहत इसको लागू नहीं कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि उनकी पार्टी करीब 10 साल से सरकार पर महिलाओं को आरक्षण देने का दबाव बना रही है और इस विधेयक को संसद में पारित कराने में भी अपना समर्थन दिया, लेकिन मोदी सरकार ने जानबूझकर और रणनीतिक तरीके से इसे परिसीमन विधेयक से जोड़ दिया, जिससे इसे लागू करने में अड़चन आई। उन्होंने कहा कि 2017 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के संबंध में श्रो मोदी को पत्र लिखा था। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी 16 जुलाई, 2018 को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग की थी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस का रुख महिला आरक्षण को लेकर अड़िग और अपरिवर्तित रहा है। गांधी के लिखे पत्र के आठ साल बाद भी, प्रधानमंत्री-परिस. ीमन से जोड़कर आरक्षण के कार्यान्वयन में देरी करने के इच्छुक हैं और इसलिए वह इस मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 79273.33
निफ्टी 24576.60
सोना 153594 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 250210 प्रति किलो



# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद में सेंसेक्स 753 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप मिलने की उम्मीद में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 753.03 अंक (0.96 प्रतिशत) चढ़कर 79,273.33 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत ऊपर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 5 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आगे की वार्ता के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया है। निवेशकों को उम्मीद है कि इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के लिए नए अवसर खुलेंगे और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। बाजार में लिवाली चौतरफा रही और निवेशकों ने मझौली तथा छोटी कंपनियों में भी विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 47 प्रतिशत औघ स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.88 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की हल्की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक ऊपर रहे। एफएमसीजी समूह का सूचकांक ढाई प्रतिशत, रियलटी का दो प्रतिशत और निजी बैंकिंग समूह का डेढ़ फीसदी ऊपर बंद हुआ। वित्त, मीडिया, सार्वजनिक बैंकिंग, आईटी और रसायन समूहों के सूचकांक भी मजबूती में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। हिदुस्तान यूनीलिवर में भी तीन फीसदी से अधिक की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर दो से ढाई प्रतिशत तक मजबूत हुए। इटरनल, एक्सिस बैंक, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में फिर गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में फिर से गिरावट आई है। मंगलवार को एमसीएक्स पर दोनों कीमती धातुएं और सस्ती हो गई हैं। अब चांदी अपने हाई लेवल से 1. 89 लाख रुपये कम दाम पर मिल रही है। वायदा कारोबार में 5 मई की एक्सपायरी वाली चांदी का भाव अपने पिछले बंद 2,52,545 रुपये प्रति किलो की तुलना में ओपनिंग के साथ ही फिसलकर 2,50,210 रुपये प्रति किलो पर आ गया और इस हिसाब से चांदी 2,335 रुपये सस्ती हो गई। चांदी की तरह सोना भी लगातार टूटता जा रहा है। एमसीएक्स पर मंगलवार को सोना की कीमत भी फिसली है। बीते कारोबारी दिन 5 जून की एक्सपायरी वाला सोना 1,53,943 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और ये खुलने के सात ही गिरकर 1,53,594 रुपये पर आ गया।

# चावल, दालों, खाद्य तेलों में नरमी गेहूं और चीनी के भाव में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ दालों और खाद्य तेलों में भी गिरावट रही। वहीं गेहूं और चीनी के दाम बढ़ गए। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये गिरकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,783 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 14 रुपये घट गई। मूंग दाल 12 रुपये और मसूर दाल आठ रुपये सस्ती हुई। चना दाल का भाव सात रुपये और तुअर दाल का तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 63 रिंगिट चढ़कर 4,561 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0. 82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 69.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 35 रुपये और वनस्पति की 28 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सोया तेल 23 रुपये और मूंगफली तेल 16 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 14 रुपये और सरसों तेल छह रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं चीनी दो रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7673. 66 रुपये, मसूर काली 8080.20 रुपये, मूंग दाल 10160.65 रुपये, उड़द दाल 10793.48 रुपये, तुअर दाल 11250.43 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2782.62 रुपये और चावल 3832.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3264.78 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4302.53 रुपये और गुड़ 4991.99 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं परिणाम की तैयारी अंतिम चरण में, मूल्यांकन पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 25 अप्रैल के बाद कभी भी जारी हो सकते हैं नतीजे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। बोर्ड से जुड़े सूत्रों के अनुसार परिणाम 25 अप्रैल के बाद किसी भी दिन जारी किए जा सकते हैं। मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है और अब डेटा एंट्री, अंकों का मिलान तथा अंतिम सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में 52 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेश भर के 8033 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गईं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई तथा लखनऊ और प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से लाइव मॉनिटरिंग की गई। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राएं अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर रोल नंबर के माध्यम से देख सकेंगे। इसके अतिरिक्त डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर भी डिजिटल मार्कशीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे छात्रों को त्वरित सुविधा मिल सके। यूपी बोर्ड ने इस वर्ष उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में 254 केंद्र बनाए थे। करीब 1.52 लाख शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया, जिनमें हाईस्कूल के लिए लगभग 96 हजार और इंटरमीडिएट के लिए 55 हजार से अधिक परीक्षक शामिल रहे। बोर्ड ने लगभग 2.80 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय में पूरा कराया। परिणाम जारी होने के बाद स्क्रूटनी, अंक सुधार और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं भी शुरू कर दी जाएंगी। सफल छात्रों के लिए उच्च कक्षाओं और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया तेज होगी, जबकि असफल छात्रों के लिए पूरक परीक्षा एवं विशेष सहायता कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि परिणाम घोषित होते ही जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं और परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया जाए।

# सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज का अंत: शाह



- बंगाल में ममता सरकार पर जमकर बरसे

**वर्धमान।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। साथ ही बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराने की बात कही है। अमित शाह ने कहा कि इस बार बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनने के बाद बंगाल में यूसीसी लाएंगे। इसे कोई रोक नहीं पाएगा। शाह ने कहा कि इसके जरिए बंगाल में 4 शादियों पर भी बैन लगाया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि प्रदेश की टीएमसी सरकार में माफियाओं का बोल-बाला है। उन्होंने कहा कि नई सरकार राज्य में पनप रहे सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज का भी अंत करेगी। साथ ही बड़े माफियाओं का पर्दाफाश कर उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाएगा। अमित शाह ने कुलटी में चुनावी रैली में कहा ये समय राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने का है। बंगाल की जनता के पास ये सुनहरा अवसर है। अगर इस बार भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई, तो योग्यता के आधार पर युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएंगी। शाह ने आगे कहा कि भाजपा देश के लौह अयस्क उत्पादन केंद्र की औद्योगिक पहचान बहाल करेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करेगी।

# खड़गे ने पीएम मोदी को बताया 'आतंकवादी', भाजपा भड़की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमिलनाडु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी को 'आतंकवादी' कहा। हालांकि बाद में सफाई देते हुए इसे 'आतंकित करने' के संदर्भ में बताया। बीजेपी ने इसे कांग्रेस की सोची-समझी साजिश करार दिया और तीखी निंदा की। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि ये कोई जुबान फिसलना नहीं, बल्कि राहुल गांधी के इशारे पर कहा गया है। हालांकि खड़गे ने कहा कि उनके कहने का ये मतलब नहीं था। वो कहना चाह रहे थे कि पीएम आतंकित करते हैं। खड़गे के इस बयान पर बीजेपी आगबबूला है.

बीजेपी नेता संबित पात्रा ने कहा कि यह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को भी दिखाता है। भले ही वह कोई सफाई दे रहे हों, लेकिन याद रखिए कि यह कांग्रेस पार्टी की एक सोची-समझी साजिश है। हर रोज राहुल गांधी अपने भाषणों में प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और आज राहुल के इशारे पर खड़गे ने प्रधानमंत्री को आतंकवादी कह दिया। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जो ओसामा बिन लादेन को 'ओसामा जी' कहती है। यह वही कांग्रेस पार्टी है जो बड़े-बड़े आतंकवादियों के साथ खड़ी नजर आती है, फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी कहती है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को याद रखना चाहिए कि जब भी कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया है, भारत की जनता ने उसे सजा दी है। इस बार भी भारत की जनता इसका जवाब देगी।

**खड़गे ने क्या कहा था?**- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने तमिलनाडु में कहा कि ये एआईएडीएमके के लोग जो खुद अन्नादुरई की फोटो लगाते हैं, वो मोदी के साथ कैसे जुड़ सकते हैं? वह एक आतंकवादी हैं। उनकी पार्टी समानता और न्याय में विश्वास नहीं करेगी। इसके बाद अपनी टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा कि पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी आतंकवादी नहीं कहा।

# प्रशिक्षुओं से वसूली के आरोप में दीवान निलम्बित

## फायरिंग व इंडौर परीक्षा के नाम पर पैसे लेने का आरोप, विभागीय जांच भी हुई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आरटीसी में तैनात हैड कांस्टेबिल पर प्रशिक्षुओं से फायरिंग और इन्डौर परीक्षा के नाम पर अवैध वसूली के आरोप लगाये गये हैं। एसएसपी ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच कराई और तत्काल प्रभाव से हैड कांस्टेबिल को निलम्बित कर दिया। उन पर आरोप था कि परीक्षा पास कराने के नाम पर प्रशिक्षुओं से भारी रकम वसूली। यहां तक कि पैसो से तीन लाख रूपये की बुलट खरीदने का भी आरोप लगाया गया था।

पुलिस लाईन के आरआई उधल सिंह की माने तो एसएसपी के निर्देश पर कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि कुछ प्रशिक्षुओं ने संजीव कुमार द्वारा परीक्षा, फायरिंग प्रैक्टिस एवं अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें की थी। एसएसपी ने इन मामलों का संज्ञान लिया, क्योंकि इस मामले की जानकारी जनपद के पुलिस मुख्यिा संजय कुमार को दी गई थी। इस मामले की एसएसपी के आदेश पर जांच की गई। जिसमें आरोपों का संज्ञान लिया गया और विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है और निलम्बन के दौरान संजय कुमार पुलिस लाईन में रहेंगे। बताया जाता है कि एसएसपी ने इससे एक दिन पूर्व ही स्मैक तस्करी की रिश्वत की ऑडियो वायरल होने के मामले में पुलिस के आला अफसर से जांच कराने के बाद तितावी थानाध्यक्ष और दो सिपाहियों को संस्पैंड कर दिया था। उन पर आरोप था कि नशीले पदार्थ के तस्कर से दबिश न देने के नाम पर अवैध वसूली की गई है। यह कार्यवाही उस समय हुई जब सोशल मीडियो पर एक ऑडियो वायरल हुई थी। इसी के चलते एसएसपी ने फायरिंग व इन्डौर परीक्षा के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में और तीन लाख रूपये लेकर बुलट खरीदने तक के आरोपों की जांच कराई है। बता दे कि जनपद के पुलिस मुखिया पुलिस की छवि सुधारने के लिए अपराधियों पर जिस तरह शिकंजा कस रहे हैं वैसे ही पुलिस कप्तान को विभाग में भी लापरवाही बर्दाश्त नही है।

### एक करोड़ सत्तर लाख का अवैध मादक पदार्थ किया नष्ट

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में 5 थानों में 27 मुकदमा में 996.669 किलोग्राम मादक पदार्थ जिसमें गांजा, चरस, डोडा व अन्य नशीले पदार्थ की गोलिया , जिसमें सीनरजी बेस्ट मैनजमेंट सुभारती मैडिकल कॉलेज मेरठ में स्थापित इंसीनरेटर के माध्यम से पर्यावरणीय मानको का पालन करते हुए विनष्टीकरण किया गया। इनकी बाजार में कीमत एक करोड 70 लाख रूपये आंकी गई है। यह मादक पदार्थ काफी समय से थानों पर जमा थे।

# किसानों के मामलों में हस्तक्षेप न करें स्वामी यशवीर : धीरज लाटियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक समीक्षा बैठक में ज़िले और आसपास के क्षेत्र से आए किसानों ने बैठक में बिजली, यूरिया, राजवाहों में पानी और किसान चिंतन महाशिविर जैसे मुद्दों पर जहां चर्चा की गई,वहीं बैठक में मंच से प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज लाटियान ने योगपीठ आश्रम बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर सिंह महाराज को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसानों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। उन्होंने यहां तक कह दिया कि स्वामी यशवीर जैसे लोग अगर नेता बनने की कोशिश करेंगे तो षचिमटा-कोंचा भी छिन सकता है। किसान मंच से खुली चेता. वनी के बाद लोगों के बीच हलचल मच गई।

दरअसल यह बयान उस समय आया है जब भोपा क्षेत्र के कथित धर्मांतरण मामले को सबसे पहले स्वामी यशवीर सिंह महाराज ने ही उठाया था वहीं भाकियू पहले ही इस मामले को लेकर पुलिस और कुछ संगठनों पर किसान को फंसाने और मामले को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगा चुकी है। ऐसे में मंच से सीधे हमला नए टकराव की ओर इशारा कर रहा है। बैठक में भाकियू ने एक सप्ताह का समय देते हुए स्पष्ट चेतावनी भी दी कि किसान हितों से जुड़ने या किसी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस बयान के बाद अब सवाल उठ रहा है कि क्या भोपा प्रकरण अब किसान संगठन और धर्मगुरु के बीच सीधी टकराहट का रूप ले लेगा। भाकियू की मासिक समीक्षा बैठक में किसान प्रतिनिधियों द्वारा स्वामी यशवीर महाराज को दी गई चेतावनी के बाद फिलहाल खामोश पड़ी सियासत में नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। इस बयान के बाद से दिन भर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।



भारतीय किसान यूनियन कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष नवीन राठी।

# मासूम से दुष्कर्म, छपार पुलिस ने सिखाया सबक

**मुजफ्फरनगर।** दुकान पर सामान खरीदने के लिए निकली 6 साल की मासूम का बाइक सवार युवक ने पहले अपहरण किया और फिर मासूम के साथ दरिंदगी की गई। पुलिस ने तुरन्त मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

छपार कस्बे की रहने वाली मासूम बच्ची घर के निकट ही दुकान से सामान खरीदने के लिए निकली थी। इसी बीच एक आरोपी युवक वहां पहुंचा और किशोरी का बाइक द्वारा अपहरण कर लिया। आरोपी युवक छः साल की मासूम बच्ची को जंगल में ले गया। आरोप है कि बच्ची के साथ घिनौनी दरिंदगी की गई। इस मामले की शिकायत जब छपार पुलिस से की गई तो सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा के दिशा निर्देश पर इस मामले में तुरन्त मुकदमा दर्ज किया गया और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस घिनौनी हरकत के आरोपी पप्पू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को पोक्सो के तहत जेल भेजा और खासी खबर भी ली। पुलिस ने पीडित मासूम का डाक्टरी मायना भी कराया।



मुजफ्फरनगरः डीएम कार्यालय पर धरना देते रिटायर्ड कर्मचारी।

# हर्ष फायरिंग की सूचना निकली अफवाह

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के गांव उकावली में देर रात एक भाजपा कार्यकर्ता के घर आयोजित शादी समारोह में हर्ष फायरिंग से दो लोगों के घायल होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पर बुढ़ाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन जांच के बाद मामला पूरी तरह से पलट गया। बुढ़ाना पुलिस ने स्पष्ट किया कि घटना हर्ष फायरिंग की नही थी बल्कि आतिशबाजी के दौरान हुई थी। आनन फानन में किसी ने गलत सूचना फैला दी। चर्चा के अनुसार घुड़चढ़ी के दौरान कुरथल निवासी सुनील नाम के एक ग्रामीण ने शराब के नशे में तमंचे से फायरिंग कर दी। जिसमें बागपत जिले के दोघट थाना क्षेत्र के गांव चित्तमखेडी से आया एक मेहमान कुलदीप उर्फ मोनू और गांव की ही एक युवती जो कि अपने नाना के घर पर आई हुई है गोली लगने से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ गांव उकावली पहुंची और छानबीन शुरु की। मौके पर मौजूद लोगों और परि. जनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने पाया कि शादी में हर्ष फायरिंग नहीं हुई। घुड़चढ़ी के दौरान की गई तेज आतिशबाजी से निकली चिंगारी से 2 लोग मामूली रुप से झुलस गए। किसी ने हर्ष फायरिंग बता पुलिस को सूचना दी। पुलिस से बात हुई तो पता लगा कि मौके पर न तो कोई गोली चली और न ही कोई तमंचा मिला। कुरथल निवासी सुनील द्वारा फायरिंग किए जाने की बात भी जांच में गलत पाई गई। कुल मिलाकर इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाए हैं।

# वीडियो बनाने के बाद रहस्यमयी लापता हुआ युवक, नहर में कूदने की आशंका

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के गांव पुरबालियान में लंबे समय से चल रहे चकबंदी विवाद ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है। मानसिक तनाव से जूझ रहा एक युवक परिवार से वीडियो कॉल करने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसके नहर में कूदने की आशंका जताई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अमरनाथ पुत्र प्रकाश पाल ने घटना से पहले एक वीडियो बनाकर चकबंदी विभाग और अपने रिश्तेदार पर जमीन हड़पने का आरा. ेप लगाया था। आरोप है कि वह पिछले पांच वर्षो से न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई।बताया गया कि युवक ने खतौली गंगनहर पुल से अपने परि. जनों को वीडियो कॉल कर अपनी व्यथा बताई। इसके कुछ देर बाद उसने अपनी चाबी लगी मोटरसाइकिल पुल पर ही खड़ी कर दी और अचानक लापता हो गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों के साथ भारतीय किसान यूनियन के नेता नीरज पहलवान मौके पर पहुंचे। पुल के पास युवक की मोटरसाइकिल बरामद हुई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने नहर व आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया। परिजन कोतवाली पहुंचकर युवक की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए शीघ्र बरामदगी की मांग कर रहे हैं। युवक के लापता होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पुरबालियान गांव में पिछले करीब 37 वर्षों से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, जिससे सैकड़ों किसान प्रभावित हैं। कई किसानों को अब तक उनकी जमीन का सही लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे विभाग के प्रति आक्रोश बना हुआ है।



# महिला ने पांच लोगों पर कराया गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**मीरापुर।** थाना खतौली क्षेत्र की एक महिला ने मीरापुर निवासी एक महिला, उसके पति समेत पांच लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसे एक महीने तक बंधक बनाकर जबरन अवैध धंधा कराया गया।

शिकायत में पीड़िता ने बताया कि कस्बे की कुतुबपुर रोड स्थित नई बस्ती निवासी एक महिला और उसके पति सहित तीन अन्य लोगों ने उसे अपने मकान में बंद कर लिया। इस दौरान उसे बाहर जाने नहीं दिया गया और उस पर दबाव बनाकर अवैध कार्य करने के लिए मजबूर किया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर पुलिस के पास पहुंची और पूरी घटना की जानक. ारी दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके साथ ही पीड़िता के बयान कोर्ट में भी दर्ज कराए गए हैं। पुलिस के अनुसार, नामजद सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। अधिका. रियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# धर्मांतरण के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोपा।** सीकरी गांव से धर्मांतरण के मामले में फरार चल रहे तीन मुख्य अरोपी युवको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में एक आरोपी भाकियू नेता पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। भोपा थाना क्षेत्र के चर्चित गांव सीकरी में राकेश शर्मा नामक युवक को पैसे का लालच देकर निकटवर्ती कस्बा भोकरहेड़ी की मस्जिद में ले जाकर नमाज पढ़वाने के बाद कथित धर्मांतरण कराने की एक वीडियो वायरल करने से हड़कम्प मच गया था। मामले में हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पँवार उर्फ साधु गुर्जर दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ दो बार थाना भोपा पर पहुंचे थे और शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने सीकरी निवासी भाकियू नेता अफसर अली कुरैशी, सलमान, दानिश, अनस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने फरार सलमान,दानिश निवासी गांव चितौडा व अनस निवासी गांव बिहारी को मोरना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार करीब 10-15 वर्ष पूर्व एक नाबालिग राकेश कुमार शर्मा को बहला-फुसलाकर व्यहपरण करके अपने घर लाने दास बनाकर घर में रखने व अफसर द्वारा अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर एक षडडंत्र के तहत उक्त राकेश शर्मा का धर्मांतरण करने का प्रयास कराने की साजिश रची गयी। तीन आरोपी युवक राकेश शर्मा को कस्बा भोकरहेड़ी स्थित एक मस्जिद में ले गए, जहां उसे नमाज पढ़वाने तथा नमाज पढ़ते समय की वीडियो बनाकर वायरल कर विभिन्न समुदाय के लोगों के बीच में शत्रुता, घृणा, वैमनस्यता की भावना फैलाना का प्रयास करने की भी कोशिश की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने चार टीमों का गठन किया था। तकनीकी साक्ष्यों, व्हाट्सएप डाटा और सीसीटीवी फुटेज की मदद ली गयी।

**क्या है मामला**

सीकरी में धर्मांतरण के मामले ने सनसनी फैला दी थी घटना को लेकर जहां हिन्दू समाज मे रोष व्याप्त हो गया था। वहीं हिन्दू युवक को निकटवर्ती कस्बा भोकरहेड़ी की मस्जिद में नमाज पढ़ाने व उसकी वीडियो बनाकर समाज की बदनामी करने से मुस्लिम समाज मे भी रोष पैदा हो गया था। अरोपी अफसर अली के मौसेरे भाई शहज़ाद कुरैशी ने बताया कि मामला पुष्तैनी भूमि के विवाद को लेकर है। अफसर अपने स्वर्गीय पिता अख्तर की इकलौती सन्तान है। उसके चाचा स्वर्गीय अशरफ प्रधान के दो पुत्रियां है। चाचा की संपत्ति का मालिक भी अफसर ही है। शाहज़ाद के अनुसार चाचा की सम्पत्ति का बैनामा आदि अफसर के नाम हो चुका है।वर्तमान में अफसर की चाची अपनी पुत्रियों के साथ उनके मायका में रह रही हैं। पुत्रियां अब अपने स्वर्गीय पिता की सम्पत्ति पर दावा कर रही हैं।

# फैक्ट्री पर जीएसटी की कार्यवाही, मिल में ही जांच शुरू

**मुजफ्फरनगर।** स्टेट जीएसटी विभाग की अनुसंधान शाखा( एसआईडी )ने औद्योगिक क्षेत्र में रोलिंग मिल में छापेमार कार्यवाही की है। टीम सवेरे ही पुलिस बल के साथ यहां पहुंची और मिल परिसर में जांच शुरू की। इस दौरान मिल के एंट्री और एक्जिट पाईंट पर कड़ी निगरानी की गई। इस दौरान यहां स्थानीय पुलिस तैनात रही।

बताया जाता है कि विभाग को फैक्ट्री की शिकायतें मिली थी। जिसके बाद मिल का टीम ने रिकार्ड चैक किया। टीम ने बिजली के दस्तावेज और वित्तीय लेन-देन पर जांच की। टीम ने यहां पहुंचकर कम्प्यूटर डेटा और खरीद-बिक्री के बिल और बैंक ड्रांजक्शन की भी जांच की है। ऐसा सूत्रों का कहना है।

बता दें कि जीएसटी की टीम कई दिन से जनपद में बड़ी बडी कम्पनी में छापामार कार्यवाही कर रही है। विगत दिवस भी एक फैक्ट्री पर छापे के दौरान कुछ पैसो की वसूली भी की गई थी।

इसके अलावा मंडी क्षेत्र में भी एक व्यापारी की फैक्ट्री में कई घंटे तक जांच पडताल की गई और फैक्ट्री सम्बन्धित कागजात चैक करते हुए फैक्ट्री के बिल व अन्य लेन-देन की जांच की गई थी। फिलहाल जीएसटी की टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही से जनपद में हडकंप मचा हुआ है।






# राज्यमंत्री कपिल देव ने मुख्यमंत्री की ओर से आई स्व. विजेंद्र पाल के परिजनों को सौंपी 5 लाख की आर्थिक सहायता

**■ सात अप्रैल को सभासद विजेन्द्र पाल का हुआ था निधन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर जनपद के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विज. ेंद्र पाल जी के शोकाकुल परिवार को मुख्यमंत्री द्वारा 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर वितरित कर दी गई है। दुर्भाग्यवश, विगत 07 अप्रैल को कैंसर जैसी प्राणघातक व्याधि के कारण उनका आकस्मिक निधन हो गया था, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।

स्वर्गीय पाल के देहावसान के पश्चात उनका परिवार न केवल गहन मानसिक संताप से गुजर रहा था, अपूर्ति कैंसर के अत्यंत खर्चीले उपचार के कारण परिवार को गंभीर आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ रहा था। इस विकट परिस्थिति को संज्ञान में लेते हुए, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाए थे। मंत्री जी ने जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर को विधिवत पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया था कि वे पीड़ित परिवार की वर्तमान आर्थिक स्थिति का त्वरित आकलन कराएं और शासन स्तर पर संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से अधिकतम संभव सहायता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।मंत्री जी की इस सक्रियता और दूरदर्शिता के कारण प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई, जिसके सुखद परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपये की सहायता राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई गई है। मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यशस्वी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता और जनकल्याण हेतु समर्पित नागरिक के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और प्रत्येक सुख-दुख में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस आर्थिक संबल की प्राप्ति पर स्वर्गीय विजेंद्र पाल जी के परि. जनों, सहयोगियों ने मंत्री जी के इस प्रयास और प्रदेश सरकार की जनोन्मुख नीतियों के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित की है।

# जिस्मफरोशी के अड्डे पर प्रशासन का चाबुक

## ओयो होटल में लगे छापे में आधा दर्जन जोड़े पकड़े

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में पुलपार मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित एक ओयो होटल में काफी वर्षों से चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे पर मंगलवार के दिन स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एसडीएम बुढ़ाना ख्र ष्णकांत ब्रिवकर्मा के नेतृत्व मे बड़ा चाबुक चलाया। पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने होटल पर छापा मारकर मौके से 4 युवतियों व होटल संच. ालक को पकडा। कई वर्षों से यह होटल अ"याशी के अढे के रूप में बुढ़ाना के नाम पर बदनुमा दाग बना हुआ था। अचानक हुई कार्रवाई से होटल संचालक व दलालों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों व सामा. जिक संगठनों की ओर से प्रशासन को काफी समय से इस होटल में देह व्यापार और अनैतिक गतिविधियों के संचालन की शिकायतें मिल रही थी। आरोप था कि यहां बिना आईडी के कमरे मिलते हैं। बाहर से लड़कियां बुलाकर जिस्म फरोशी का धंधा कराया जाता है। शिकायतों को गंभीरता से लेकर मंगलवार की दोपहर बुढ़ाना पुलिस ने महिला पुलिस के साथ एसडीएम के नेतृत्व में होटल को घेरकर छापा मारा। छापेमारी के दौरान होटल के अलग अलग कमरों सेध्4 युवतियां व होटल संचालक आदेश सैनी को पकड़ा। पता चला है कि मौके से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ। पूछताछ में युवतियां वैध पहचान पत्र नहीं दिखा पाई। होटल के रजिस्टर में भी एंट्री अधूरी मिली। पुलिस ने सबको हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी। युवतियों से महिला पुलिस द्वारा अलग से पूछताछ की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित यह होटल कई वर्षो से अ"याशी के अढे के रूप में बदनाम था। दिन रात बाहरी लोगों का आना जाना लगा रहता था। इससे बुढ़ाना की छवि धूमिल हो रही थी और यह कस्बे के नाम पर बदनुमा दाग बन गया था। कई बार शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नही होने से संचाल. कों के हौसले बुलंद थे। प्रशासन ने होटल का रजिस्टर, सीसीटीवी डीवीआर व अन्य दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं। होटल संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रथम ख्रष्टया मानकों का घोर उल्लंघन पाया गया। संचालक के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी पुलिस द्वारा शुरु कर दी गयी थी। यहां पुलिस ने साफ किया कि कस्बे व क्षेत्र में जिस्मफरोशी का धंधा किसी भी सूरत में नहीं चलने दिया जाएगा। ऐसे अन्य होटलों को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर एसडीएम बुढ़ाना ख्रष्णकांत ब्रिवकर्मा के इस कार्य से नागरिकों में खुशी का माहोल है। टीम में सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा और कस्बा इंचार्ज ललित कसाना भी मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में वांछित घायल

**मीरापुर।** पुलिस और एक वांछित बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान गैंगस्टर नजर अब्बास पुत्र मोहम्मद अब्बास, निवासी ग्राम तिस्सा, थाना भोपा के रूप में हुई है। वह लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था और कई मामलों में वांछित चल रहा था। घटना उस समय हुई जब मीरापुर के बीआईटी चौकी पर पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ककरौली की ओर से आ रहे एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने रुकने के बजाय खेतों की ओर भागने की कोशिश की। पुलिस को शक होने पर तुरंत उसका पीछा किया गया और मामले की सूचना इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा को दी गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाश की घेराबंदी शुरू कर दी। खुद को घिरा देख बदमाश ने चकरोड की तरफ बाइक मोड़ते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश नजर अब्बास के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस, एक बाइक तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने करीब एक सप्ताह पहले सहारनपुर के थाना जनकपुरी क्षेत्र से एक बाइक चोरी की थी। नजर अब्बास पर करीब ढाई दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह खतौली व जानसठ में गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित चल रहा था। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ जानसठ रुपाली राव भी मौके पर पहुंचीं और पुलिस टीम की सराहना की। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मां से बिछड़ा मासूम, पुलिस ने एक घंटे में सकुशल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में अपनी मां से बिछड़े एक मासूम बच्चे को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्य में मीरापुर चौकी प्रभारी ओमेंद्र सिंह और कांस्टेबल अंकित नागर की अहम भूमिका रही।

जानकारी के अनुसार, जीशान पुत्र वसीम, थाना देवबंद क्षेत्र का निवासी है। वह अपनी रिश्तेदारी में गढ़ी मुझेड़ा, थाना मीरापुर आया हुआ था। मदान चौक पर खरीदारी के दौरान भीड़भाड़ में वह अपनी मां से बिछड़ गया, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ओमेंद्र सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कांस्टेबल अंकित नागर के साथ बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की। इस दौरान स्थानीय मीडिया का भी सहयोग लिया गया। पुलिस और मीडिया के संयुक्त प्रयासों का परिणाम रहा कि जीशान को करीब एक घंटे के



भीतर सुरक्षित ढूंढ लिया गया। इसके बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया।

## लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल निवासी विकास उर्फ विक्की पुत्र लाखन सोमवार देर शाम से घर से लापता है, जिससे परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। परिजनों ने काफी रिश्तेदारियों सहित विकास को आसपास के गांव और जंगल में तलाश किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया, आखिर में थक हारकर पुलिस को इस बाबत सूचित किया गया। जिस पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

# कस्टडी में खड़े आरोपियों के फोटो का बनाया कार्टून

**■ भोपा पुलिस जांच में जुटी, होगी कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव भोपा में जुए के मामले में पकड़े गए चार आरोपियों के फोटो को एडिट कर कार्टून बनाकर आरोपियों को अपमानित करने तथा पुलिस सम्मान के विपरीत कार्य करने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

भोपा थाना व गांव के चार आरोपी बीते 24 मार्च को गंग नहर पटरी के किनारे जुआ खेलते हुए पकड़े गए थे। आरोपियों के कब्जे से छः हजार रुपए और ताश के पत्ते बरामद हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया था।और कार्रवाई का प्रेस नोट फोटो सहित जारी किया था। जिसके बाद असामाजिक तत्व ने थाने पर पुलिस हिरासत में आरो. पियों की फोटो को एडिट करते हुए।फोटो को वायरल कर दिया था। फोटो वायरल हुआ तो गांव में सनसनी फैल गयी थी वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गयी। मंगलवार को एस एस पी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह अप्रैल की बैठक मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शहर के अन्दर अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा से होने वाली भीड के बारे में एवं ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित किये जाने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शा से होने वाली भीड को कम करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर बन्द रेड लाईटों को ठीक कराने हेतु नगर पालिका एवं मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रर्वतन की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से किये जाने हेतु पुलिस विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की गई। सड़क दुघर्टनाओं को कम करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रतिमाह अधिक सख्या में सेमीनार एवं गोष्ठी आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉटस पर कराये गये सुधारात्मक कार्यो की समीक्षा एवं सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नये ब्लैक स्पॉटों के चिन्हांकन व उनके सुधारीकरण का कार्य कराये जाने हेतु एनएचएआई एवं लोनिदि के अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा वर्ष 2026 में सृजित नये ब्लैक स्पॉटों के सुधारीकरण के कार्य को तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर को शहर के अन्दर हो रहे अतिक्रमण को पुलित्त विभाग के सहयोग से हटाने के निर्देश दिये गये। सहायक संभागीय परिवहन अधिक. ारी को शहर के अन्दर चल रही सभी ई-रिक्शाओं की निरन्तर फिटनेस चेक करने एवं लाईसेंस चेक किये जाने एवं अवैध रूप से चल रही ई-रिंवशाओं को तत्काल बन्द करने हेतु हेतु निर्देशित किया गया। अत: में आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर्स द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित ।चच पर सम्बन्धित विभागों के साथ अलग से मीटिंग करने हेतु अनुरोध किया गया।

# सुभाष चंद अध्यक्ष, सत्यप्रकाश महासचिव निर्वाचित

**खतौली।** तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर सुभाष चंद और महासचिव पद पर सत्यप्रकाश सैनी ने जीत दर्ज की। चुनाव में सभी 100 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 9 बजे शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चला, जबकि मतगणना दोपहर 2:30 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक पूरी हुई। एल्डर कमेटी के चेयरमैन चतरपाल सिंह, सदस्य रामचंद्र सैनी और मोहम्मद अरशद ने परिणामों की घोषणा की। अध्यक्ष पद के मुकाबले में सुभाष चंद को 54 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सरदार जितेंद्र सिंह को 48 मत प्राप्त हुए। वहीं महासचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में सत्यप्रकाश सैनी ने 44 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी महेश कुमार को 39 और अनुज कुमार को 16 मत मिले। सत्यप्रकाश सैनी ने 5 मतों के अंतर से जीत हासिल की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवाब सिंह ने 54 मत पाकर वेदप्रकाश उपाध्याय (44 मत) को 10 मतों से हराया। महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद पर अना. मिका ने 56 मत पाकर शकुंतला (43 मत) को पराजित किया। अन्य पदों पर भी चुनाव परिणाम घोषित किए गए।


**सूचना**

मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण सं. 13188/13-12-2012 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया है। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम युवराज त्यागी (Yuvraj Tyagi) है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धि विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पंकज त्यागी**, 720/12 इन्द्रा कालोनी, त्यागी काम्पलैक्स, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर। मो. 7017680945.



**अदालती समन**
**संख्याक-1**
वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
(आदेश 5 नियम 1 और 5)
**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन एफ0टी0सी0 मुजफ्फरनगर।**
वाद संख्या 297 सन् 2018

श्रीमती सुमन त्यागी पत्नि श्री प्रमोद कुमार त्यागी, उम्र लगभग 62 वर्ष, निवासी 492, मल्हूपुरा (साकेत कॉलोनी) गली नं0 8, शहर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .......**वादिया**

**बनाम**

1- श्रीमति सन्तोष पत्नी श्री जगन्नाथ त्यागी निवासी ग्राम छपार परगना पुरछपार तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 2- श्रीमति भूषण त्यागी पत्नी स्व0 मनोज कुमार निवासी मकान नम्बर 791/4 डॉ0 शिवराज सिंह इण्टर कॉलेज एम0बी0डी0आर वाली गली मौहल्ला रामपुरी शहर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 3- आर्यन पुत्र स्व0 मनोज कुमार आयु लगभग 21 वर्ष निवासी मकान नम्बर 791/4 मौहल्ला रामपुरी शहर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 4- कृष्णा पुत्र स्व0 मनोज कुमार आयु लगभग 18 वर्ष निवासी मकान नम्बर 791/4 मौहल्ला रामपुरी शहर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।

..............**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध संविदा के विर्निदिष्ट पालन हेतु वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त बोद का उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक 23 माह 04 सन् 2026 को 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिये जो उक्त तिथि नियत की गई है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियो को या उन से सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो साक्ष्यो का पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नही होगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति मे गुणदोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 31 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।
नियत दिनांक- 23/4/26

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/रीडर**
**सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0, मुजफ्फरनगर।**


# नगर पंचायत के डंपिंग ग्राउंड में लगी आग

**मोरना।** नगर पंचायत भोकरहेड़ी का कूड़ा डलाव घर अथाई मार्ग के बराबर में स्थित है जहां मंगलवार को कूड़े के देर में आग लग गई मौके पर पहुंचे सहरावत खाप के चौधरी संजीव कुमार ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड में कूड़े का निस्तारण होने से कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं जिनसे पालिथीन आदि उड़कर तथा बिखर कर बराबर के खेतों में जाती है जिससे किसान बेहद परेशान है आरोप है कि दोपहर के समय कर्मचारियों द्वारा पालिथीन में लगाई गई आग से कूड़े के ढ़ेर में आग लग गई जिससे चारों ओर धुवां फैल गया तथा चिंगारी उड़ने लगी आसपास के किसानों में फसल के नुकसान को लेकर दहशत प्राप्त हो गई वहीं संजीव कुमार ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड की दीवार भी काफी समय से खस्ता हालत में है जो कभी भी धराशाई हो सकती है। डंपिंग ग्राउंड के बराबर में कस्बे के किसान अन्नू चौधरी संजय कुमार, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र कुमार ,आदि खेती करते हैं जो डंपिंग ग्राउंड में कूड़े के निस्तारण न होनेसे परेशान है। किसान सहित चौधरी संजीव कुमार, विपुल कुमार प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

## हादसों में दो घायल

**बुढ़ाना।** अलग अलग स्थानों पर हुए 2 हादसों में 2 लोग घायल हो गए। दोनों मामलों में आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए। एक घायल को हालत नाजुक होने पर दिल्ली रेफर किया गया जबकि दूसरे बैंककर्मी के पैर हाथ में 57 टांके आए हैं। पहली घटना में ग्राम जौला निवासी 52 वर्षीय गुल. बहार पुत्र चंदर अपने बेटे संग स्कूटी से बुढ़ाना से अपने गांव जौला जा रहे थे। जब वे मेपल्स एकेडमी के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गुलबहार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी समेत फरार हो गया। आरोपी चालक बुढ़ाना कस्बे का है। राहग. ीरों ने घायल गुलबहार को सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया जहां डाक्टरों ने सिर व सीने में गंभीर चोट के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया। दूसरी घटना में समीपवर्ती गांव धनौरा निवासी शिवम पुत्र आनंद यूनियन बैंक बुढ़ाना शाखा में कार्यरत हैं। शाम को डडूटी समाप्त कर वो बाइक से घर लौट रहा था। जब वह गांव बिटावदा के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस चालक ने उनकी बाइक में साइड मार दी। टक्कर लगते ही शिवम सड़क पर गिरकर घायल हो गया जबकि बस चालक फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बैंककर्मी को सीएचसी में भर्ती कराया।

# एसपी ग्रामीण ने फुगाना व भौराकलां थानों में की बैठक

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने फुगाना और भौराकलां थानों का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था की नब्ज टटोली। अर्दली रूम में दोनों थानों के विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बड़ी संख्या में विवेचनाएं लंबित मिलने पर एसपी ग्रामीण ने गहरी नाराजगी जताई और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार के कड़े निर्देश दिए। बैठक में एसपी ग्रामीण ने साफ कहा कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विवेचनाओं में अनावश्यक देरी पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी।

एसपी ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक ने वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों पर प्रभावी अंकुश के लिए थानावार सूची बनाकर विशेष अभियान चलाया जाए और फरार बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी व बीट पुलिसिंग को और मजबूत करने के भी निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण ने दो टूक कहा कि कार्य में शिथिलता या हीला हवाली बरतने वाले पुलिसकर्मियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को रोजाना विवेचनाओं की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेन्द्र सिंह नागर सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। एसपी ग्रामीण ने थानों के अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार और बैरकों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और फरियादियों से शालीन व्यवहार कर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने पर बल दिया।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

**नांगल सोती।** मौहल्ला बड़तला में विद्युत आपूर्ति के लिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे लगभग 120 कनेक्शन जुड़े हैं। मंगलवार की दोपहर विद्युत आपूर्ति के दौरान अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे कर्मियों ने बिजली आपूर्ति बंद कराकर आग पर काबू पाया। जिससे हादसा होने से टल गया। उधर विद्युत निगम के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि कूड़े के ढेर में आग लगने के कारण ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी, समय से आग पर काबू पा लिया था।

# बहुप्रतीक्षित पुलिस चौकी का भोपा मार्ग पर होगा निर्माण

**मोरना।** मोरना में पुलिस चौकी के लिये भवन न होने से आने वाले फरियादियों व स्टाफ को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।अब पुलिस चौकी के नए भवन का निर्माण कराया जाएगा।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना की पुलिस चौकी को सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है।पुलिस चौकी के भवन का निर्माण भोपा मार्ग पर ककराला राजबाहे के पास स्थित देव स्थान के बराबर में किया जायेगा।मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह व हल्का लेखपाल मनोज कुमार,ककराला ग्राम प्रधान मौ. आबिद के संग भवन निर्माण करने



वाले ठेकेदार ने मौके पर जाकर भूमि का जायज़ा लिया।जानकारी के अनुसार 750 मीटर वर्ग भूमि में 70 लाख से अधिक की लागत से चौकी का निर्माण कराया जाएगा। जिसमे कार्यालय,पार्किंग, बैरक, लॉकअप,आवास आदि बनाया जाएगा नए चौकी भवन के बन जाने से आमजन सहित स्टाफ को सहज सुविधा मिलेगी।

# पिस्टल छीनकर भागा बदमाश मुठभेड़ में घायल

**■ एसओजी व रतनपुरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

**बुढ़ाना।** पुलिस हिरासत से फरार हुए शातिर वांछित अपराधी मंजीत उर्फ काला को रतनपुरी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पहले आत्मसमर्पण की चेतावनी को नजर अंदाज कर पुलिस टीम पर फायरिंग की जिसके बाद आत्मरक्षा में हुई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को दबोचकर तत्काल जिला अस्पताल में भतह्र कराया गया है। उसके कब्जे से लूटी गई सरकारी पिस्टल, मैगजीन व कारतूस बरामद कर लिए गए। ये सनसनीखेज घटना बीती सोमवार की है।

थाना रतनपुरी पुलिस वांछित अपराधी मंजीत उर्फ काला को मेडिकल उपचार के लिए सीएचसी बुढ़ाना ले जा रही थी। रास्ते में बुढ़ाना क्षेत्र के पास आरा. ेपी ने अचानक पेट में तेज दर्द और शौचालय जाने का बहाना बनाया। मानवीय आधार पर पुलिस टीम के वाहन रोकते ही आरोपी ने मौका ताड़ लिया। उसने फिल्मी स्टाइल में बगल में खड़े एक पुलिसकर्मी को जोरदार धक्का दिया और पलक झपकते ही साथ चल रहे उपनिरीक्षक की कमर में लगी सरकारी पिस्टल मैगजीन सहित छीन ली। इसके बाद आरा. ेपी गेहूं के खड़े खेतों में कूदकर आंखों से ओझल हो गया। हथियार समेत वांछित बदमाश के हिरासत से फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी के निर्देश पर तत्काल एसओजी प्रभारी व रतनपुरी थाना पुलिस की कई टीमें गठित कर कांबिंग शुरू की। ड्रोन व डॉग स्क्वॉड की मदद से गेहूं के खेतों की खाक छानी गई। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद मंडावली बागर क्षेत्र के खेतों में आरोपी की लोकेशन ट्रेस हुई और उसे चारों ओर से घेर लिया गया। पुलिस टीम ने लाउडहेलर से मंजीत उर्फ काला को आत्म समर्पण करने की बार बार चेता. वनी दी। पुलिस के अनुसार आरा. ेपी ने सरेंडर करने के बजाय छीनी हुई सरकारी पिस्टल से पुलिस पाटह्न पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी फायरिंग की। इसी दौरान एक गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी। वह लहूलुहान होकर खेत में गिर पड़ा। पुलिस ने तुरंत उसे दबोच लिया और कब्जे से लूटी गई 9 एमएम सरकारी पिस्टल, मैगजीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद किए। घायल बदमाश का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।

# फ्रेंड्स कॉलोनी में ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग



**मुजफ्फरनगर।** शहर की फेंड्स कॉलोनी में देर रात ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कि पास स्थित मकान में रहने वाले लोग दहशत में आ गए और बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

मोहल्ला वासियों के अनुसार, यह ट्रांसफार्मर उनके घरों के बिल्कुल पास रखा हुआ है, जिससे लगातार खतरा बना रहता है।

आए दिन यहां आग लगने और वाहनों के टकराने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे लोगों की जान-माल को जोखिम बना हुआ है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग को लिखित शिकायत दी जा चुकी है और ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग भी की गई है, लेकिन पिछले करीब 6 वर्षों से विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गुस्साए मोहल्ला वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई बड़ा हादसा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर हटाकर सुरक्षित स्थान पर लगाने की मांग की है।

2027 विधानसभा चुनाव....

# बुढ़ाना सीट पर टिकट की जंग तेज, जयंत चौधरी से मिले उमेश मलिक

**बुढाना।** उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं लेकिन मुजफ्फरनगर की सियासी फिजा में सरगर्मी अभी से तेज हो गई है। खासकर बुढ़ाना विधानसभा सीट पर टिकट की दौड़ ने दिल्ली से लेकर स्थानीय स्तर तक नेताओं की सक्रियता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय लोक दल के एनडीए गठबंधन में शामिल होने के बाद इस सीट के सियासी समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं और टिकट की होड़ और तेज हो गई है। बीजेपी के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने हाल ही में रालोद प्रमुख जयंत सिंह चौधरी से दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीर खुद जयंत सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर साझा की है जिसमें दोनों नेता गंभीर बातचीत करते नजर आ रहे हैं। तस्वीर सामने आते ही बुढ़ाना से लेकर लखनऊ तक सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि उमेश मलिक 2027 में रालोद के सिंबल पर दावेदारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि बुढ़ाना सीट पर वर्तमान में रालोद के राजपाल सिंह बालियान विधायक हैं। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा रालोद गठबंधन से चुनाव लड़ते हुए बीजेपी के तत्कालीन विधायक उमेश मलिक को करीब 28 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उस चुनाव में रालोद सपा के साथ थी, जबकि अब वह एनडीए का हिस्सा है। इस बदले गठबंधन ने टिकट की गणित पूरी तरह उलट दी है। रालोद के एनडीए में आने के बाद बीजेपी के कई अन्य नेता भी जयंत सिंह चौधरी से संपर्क साध रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बुढ़ाना सीट से टिकट के दावेदारों की लंबी फेहरिस्त बनती जा रही है। रालोद खेमे से मौजूदा विधायक राजपाल बालियान स्वाभाविक दावेदार हैं, लेकिन उनके अलावा कई अन्य रालोद नेता भी टिकट की दौड़ में सक्रिय हो गए हैं तो वहीं बीजेपी खेमे से पूर्व विधायक उमेश मलिक ने जयंत से मिलकर अपनी दावेदारी लगभग स्पष्ट कर दी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में बीजेपी के अन्य स्थानीय नेता भी रालोद प्रमुख से मुलाकात कर सकते हैं। एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है लेकिन बुढ़ाना सीट पर रालोद का दावा मजबूत माना जा रहा है। टिकट की इस होड़ के चलते बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में



नेताओं की सक्रियता अचानक बढ़ गई है।सामाजिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क में दावेदार जुट गए हैं। दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। अब देखना यह होगा कि एनडीए में बुढ़ाना सीट किसके खाते में जाती है और जयंत सिंह चौधरी किस चेहरे पर दांव लगाते हैं। फिलहाल उमेश मलिक की मुलाक. ात ने सियासी पारा जरूर चढ़ा दिया है।

# इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में मेधावियों का किया सम्मान

**मोरना।** मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में 10 वीं कक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रशस्ति पत्र मैडल व नकद राशि का पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रबंधन द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिसके बाद सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में उच्च अंक स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी ओर मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अनंतिका ने 96.2प्रतिशत अवंती 94.4 प्रतिशत माधवी वर्मा 92 प्रतिशत ,क्रिस्टी 91.2, अंशदीप 91 अक्षा 87.2 , समृद्धि 87, सृष्टि 86.5, लवी 86, नमन 85, अभिनव चौहान 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रधानाचार्या अलका वर्मा ने कहा की जीवन का लक्ष्य यदि स्पष्ट हो तो सफलता निश्चित है । स्कूल प्रबंधक विराज तोमर ने कहा कि स्कूली शिक्षा बच्चों को अक्षर ज्ञान कराती है लेकिन जीवन जीने के लिए नैतिक ज्ञान ओर नैतिक मूल्य भी सीखना जरूरी है। संस्कार




बच्चों को समाज में ऊंचा स्थान दिलाते हैं,। इन्द्रप्रस्थ स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिपल तत्पर है। उप प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# हिंदू धर्म में गऊ का बहुत बड़ा महत्व : त्रिपाठी

**मोरना।** चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य देवशरण त्रिपाठी ने कहा कि हिंदू धर्म में गऊ का बहुत बड़ा महत्व है, गऊ को माता के रूप में पूजा जाता है। गाय का दूध अमृत के समान होता है। गाय की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है। इसलिए हमें गऊ माता का पालन करना चाहिए।

त्रिपाठी मंगलवार को तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित पांडव कालीन माता पार्वती मंदिर में मां बगला मुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव पर काशी से पधारे स्वामी ज्ञानेश्वरानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पां. चवें दिन अमृत ज्ञान की वर्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बडी भक्ति है। इंसान को इंसान की सेवा करनी चाहिए। परोपकार के कार्य करने चाहिए। दीन दुखियों व जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। बच्चों को संस्कारवान बनाना चाहिए और संस्कार बुजुर्गो के पास बैठने से मिलते है। माता-पिता भी अपने बच्चों को समय दे, उनकी समस्याएं सुने। श्रीमद भागवत का सुनना आपके लिए तभी सार्थक सिद्ध होगा जब आप भागवत सुनने के बाद अपने अंदर छिपी बुराइयों का त्याग कर दें। इस दौरान भजनों का गुणगान किया तथा बाद में सामूहिक आरती की गई। कथा में ज्योतिषविद डा. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज, आशीष मिश्रा, ज्योति, राजा भैया, रोहित, सोमांशु आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



## वृद्ध पर धारदार हथियारों से हुआ जानलेवा हमला

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में बीती सोमवार की देर रात एक वारदात में शराब ठेके की कैंटीन में काम करने वाले लगभग 60 वर्षीय वृद्ध पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। लहूलुहान हालत में वृद्ध किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की सूचना दी। गंभीर हालत में उसे पहले सीएचसी बुढ़ाना में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल वृद्ध को मुज"फरनगर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रात में ही मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुरानी रंजिश में हमले की बात सामने आ रही है। घायल वृद्ध की पहचान ग्राम डांगरोल निवासी नरेश पुत्र टीकाराम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नरेश राजपुर छाजपुर में स्थित शराब ठेके की कैंटीन मे काम करता हैं। बीती सोमवार की देर रात करीब 10 बजे वह कैंटीन बंद कर पैदल अपने गांव डांगरोल लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही एक युवक ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उन्हें घेर लिया और गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में नरेश के सिर, हाथ व पीठ पर गंभीर चोटें आई। खून से लथपथ हालत में वह किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती बताई। परिजन तुरंत उसे लेकर बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचे। जहां बुढ़ाना पुलिस ने तत्काल घायल वृद्ध को सरकारी जीप से सीएचसी बुढ़ाना में भिजवाया। नरेश की हालत चिंताजनक बताई गयी है।

# होमगार्ड भर्ती को लेकर अधिकारियों ने की गोष्ठी



**मुजफ्फरनगर।** होमगार्डस भर्ती परीक्षा-2026 को नकलविहीन, शुचितापूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों आदि के साथ जिला पंचायत सभागार में गोष्ठी का आयोजन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अवगत कराना है कि आगामी होमगार्डस भर्ती परीक्षा-2026 जनपद मुजफ्फरनगर में दिनांक 25/26/27.04.2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को नकल विहीन, शुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जिला पंचायत सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

गोष्ठी के दौरान अपर जिला. धिकारी(वित्त) गजेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, पुलिस आब्जर्वर कृष्णगोपाल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, डीआईओएस, बीएसए, सभी पुलिस केन्द्र प्रभारी व परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक/प्रबन्धक व परीक्षा से सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के बैठने, पेयजल आदि की उचित व्यवस्था करने, सीसीटीवी कैमरों को चेक करने, परीक्षा में फर्जीवाडा/नकल पर पूर्णतः रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए कडे प्रबंध करने, कही भी फर्जीवाडे की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कठोर कार्यवाही करने, सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की डियूटी लगाने, जनपद में यातायात व्यवस्था बनाये रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रुम में ही रखें तथा स्ट्रांग रुम में सुरक्षा के उच्चतम मानकों का शत-प्रतिशत पालन हो एवं सभी सुरक्षा उपकरण पूरी तरह से कार्यशील रहें जिससे प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रहे।

# सात दिन से बह रही पानी की लाइन, गर्मी में प्यासे लोग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के बुढाना रोड क्षेत्र में पिछले सात दिनों से फूटी पड़ी पेयजल पाइप लाइन ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

एलजीएल कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान नगर पालिका की मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। लगातार बहते पानी से एक ओर जहां भारी बर्बादी हो रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। भीषण गर्मी के बीच सैकड़ों परिवार पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। लोगों को पीने के पानी के लिए हैंडपंपों और निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। पालिका और जल विभाग जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं, जिससे समाधान में देरी हो रही है। विभागों के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि गंभीर स्थिति के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। आक्रोशित नागरिकों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जल्द से जल्द पाइप लाइन ठीक कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। शिकायत करने वालों में फैसल राव, मो. हसिन सैफी, हसीन सैफी, जुल्फकार सैफी, मुदस्सिर राव,



राजा, मोहसिन सलमानी, शमीम सैफी, फहीम, परवीन कुमार, हाजी शमीम, आदिल मिर्जा सहित कई लोग शामिल हैं।

# रात 10 बजे के बाद भी बिक रही ओवर रेट पर शराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे में शराब की दुकानों पर नियमों की अनदेखी और कालाबाजारी के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्धारित समय सीमा रात 10 बजे के बाद भी कुछ दुकानों पर चोरी-छिपे शराब बेची जा रही है और ग्राहकों से तय कीमत से कहीं अधिक रकम वसूली जा रही है। सोमवार देर रात रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित एक दुकान पर ऐसा ही मामला देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान का शटर बंद था, लेकिन नीचे से जगह छोड़कर ग्राहकों को शराब दी जा रही थी। इस दौरान मनमाने दाम लिए गए 140 रुपये की बीयर 200 रुपये में बेची गई। विरोध करने पर ग्राहकों को साफ कह दिया गया कि ठेका बंद हो चुका है, अब यही रेट है। इसी तरह अन्य शराब उत्पादों पर भी 20 से 50 रुपये तक अतिरिक्त वसूली की बात सामने आई है। स्थानीय निवा. सियों का आरोप है कि यह स्थिति केवल देर रात तक सीमित नहीं है, बल्कि दिन में भी कई जगह प्रिंट रेट से अधिक कीमत ली जा रही है। वहीं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि एक्साइज डडूटी में बदलाव के चलते दाम प्रभावित हो सकते हैं, जबकि लोगों का कहना है कि अभी तक कोई आधिकारिक मूल्य वृद्धि घोषित नहीं हुई है।

कस्बे के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की अवैध बिक्री और ओवरचार्जिंग पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# अधिकारियों और व्यापारियों ने सुरक्षा को लेकर की गोष्ठी

**मुजफ्फरनगर।** एसपी क्राईम व सिटी मजिस्ट्रेट व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित, सुरक्षा व साइबर अपराध पर जागरूक कर दिए गये पुलिस व्यापारियों व आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा समय-समय पर व्यापारियों व ट्रान्सपोर्टर संघ के पदाधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ व नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में व्यापार मंडल के पदा. धिकारियों के साथ व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सीएफओ अनुराग कुमार, व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण, नगर क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारी , पीडब्ल्यूडी विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारीगण, यातायात प्रभारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।गोष्ठी के दौरान एसपी क्राईम ने व्यापारियों से सुझाव एवं प्रतिपुष्टि प्राप्त की गई तथा उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए सुरक्षा के समस्त पहलुओं की समीक्षा कर त्वरित एवं विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी व्यापारी बंधुओं को अपने प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, कैमरों की दिशा सही रखने, मुख्य मार्गों पर आपसी समन्वय से अतिरिक्त सीसीटीवी लगाने, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ रखने, मार्केट




में सामूहिक रूप से सुरक्षा गार्ड/चौकीदार की व्यवस्था करने, नगदी के परिवहन से पूर्व स्थानीय पुलिस को सूचित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति से खतरे की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित व्यापारियों को साइबर फ्रॉड/ऑनलाइन ठगी के प्रचलित तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के उपयोग के संबंध में अवगत कराया गया।

# एसडी इंजीनियरिंग के छात्रों का आईटीआई में चयन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कालेज आफ इंजी. नियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के लिए एक बार फिर गर्व का अवसर सामने आया है। संस्थान के छात्रों अखिल, अभिषेक कुमार, निखिल तोमर एवं माधव कात्यायन का चयन आईआईटी रुड़की वर्चुअल लैब्स द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, लगन और तकनीकी दक्षता को दर्शाती है तथा संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था का प्रमाण भी है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम देशभर के प्रतिभाशाली छात्रों को शोध, नवाचार और प्रयोगात्मक ज्ञान से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इसके अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को वर्चुअल लैब्स के माध्यम से उन्नत प्रयोगों, प्रोजेक्ट कार्यों और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि हमारे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण है। हम सदैव छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लगातार दूसरे वर्ष आईआईटी रुड़की का नोडल सेंटर बना हुआ है, यह उपलब्धि संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, तकनीकी सहयोग और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। हम भविष्य में भी छात्रों के हितों और उनके समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आईआईटी संस्थानों के साथ ऐसे ही और शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण सहयोग कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अवसर और मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि छात्रों का यह चयन उनकी मेहनत और संस्थान के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का



परिणाम है। हम आगे भी छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें। उन्होने बताया इस सफलता में कॉलेज के आईक्यूएसी द्धआंतरिक गुणवत्ता आ्वासन प्रकोष्ठऋ, आईआईसी सेल एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट सैल का विशेष योगदान रहा है। इन विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित मार्गदर्शन सत्र, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं नवाचार गतिविधियों ने छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जनगणना 2027 खतौली में तैयारियां तेज, अफसरों ने दी सख्ती की चेतावनी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर खतौली तहसील में प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जीटी रोड स्थित एक विद्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण का अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर, उपजिलाधिकारी डॉ. ललित कुमार मिश्रा और तहस. ीलदार ने प्रशिक्षण सत्र में मौजूद कार्मिकों से संवाद कर उनकी तैयारी का आकलन किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे अहम कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपजिलाधिकारी डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं की नींव है। इसलिए प्रत्येक परिवार और घर से जुड़ी जानकारी पूरी सटीकता और पारदर्शिता के साथ दर्ज करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वे फील्ड में जाकर घर-घर सत्यापन करें, किसी भी त्रुटि से बचें और आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करें। प्रशासन का मानना है कि मजबूत जमीनी तैयारी और प्रशिक्षित कार्मिकों के सहयोग से ही जनगणना 2027 को सफल बनाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को दक्ष बनाकर समयबद्ध और त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ममता का मुखौटा उतरा 'मां' ही निकली साजिशकर्ता





- अपहरण का झूठा खेल रच रचाई साजिश
- तीन साल के बच्चे को बनाया बदले का हथियार, रंजिश में इंसानियत शर्मसार
- पड़ोसियों को फंसाने के लिए रचा अपहरण का ड्रामा, पुलिस ने 9 घंटे में खोला राज, बंद मकान से सकुशल बरामद हुआ मासूम, मां-मौसी-मामा की साजिश बेनकाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रिश्तों की दुनिया में 'ममता' को सबसे पवित्र माना जाता है, लेकिन कैराना में सामने आई इस घटना ने इस विश्वास को झकझोर कर रख दिया। यहां एक महिला ने ही अपने तीन साल के मासूम को साजिश का मोहरा बना डाला। रंजिश में अंधी 'मां' ने ऐसा खौफनाक खेल रचा कि मासूम की जिंदगी तक दांव पर लगा दी।

मोहल्ला इस्लामनगर में पुरानी रंजिश के चलते महिला ने अपने ही बच्चे के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी। उसने रो-रोकर माहौल को भावनात्मक बनाया और आनन-फानन में अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। मामला इतना पेचीदा था कि शुरुआत में पुलिस भी गुमराह होती नजर आई। लेकिन कैराना पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए हर पहलू पर जांच शुरू की। समय के खिलाफ चल रही इस जंग में करीब नौ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मासूम को सकुशल बरामद कर लिया। यहीं से पूरे षडयंत्र की परतें खुलनी शुरू हो गईं। जांच में सामने आया कि मासूम को गायब कराने वाली कोई और नहीं, बल्कि उसकी मुंहबोली मां सना ही थी। उसने अपने मामा महबूब और मौसी गुलिस्ता के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। बच्चे को एक बंद पड़े मकान में छिपाकर अपहरण का नाटक किया गया, ताकि पड़ोसियों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके।बताया गया कि दो दिन पहले हुए विवाद ने इस साजिश को जन्म दिया। बदले की आग में अंधे होकर आरोपियों ने मासूम की जिंदगी तक दांव पर लगा दी। अगर पुलिस समय रहते सक्रिय न होती, तो निर्दोष लोग जेल पहुंच जाते और एक झूठ सच बन जाता।पुलिस ने मामले में महबूब पुत्र सईद और गुलिस्ता पत्नी राशिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### विधवा बोली-पुलिस ने बचा लिया परिवार

फर्जी अपहरण केस में फंसाए जाने की साजिश से बची एक विधवा महिला ने पुलिस कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच से सच्चाई सामने आई और उनका परिवार बर्बाद होने से बच गया। साथ ही उन्होंने मांग की कि बच्चे की पूरी पृष्ठभूमि की जांच हो और साजिश में शामिल सभी लोगों को सख्त सजा दी जाए।यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी हैकृजब रंजिश हदें पार कर जाती है, तो रिश्तों की पवित्रता भी तार-तार हो जाती हैकृ और इस बार 'ममता' ही सबसे बड़े कटघरे में खड़ी नजर आई।

### बंद मकान में घुटती रहीं मासूम की सांसें

साजिश का शिकार बना तीन वर्षीय मासूम घंटों तक बंद मकान में कैद रहा। पड़ोसियों को जब उसके रोने की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। समय पर की गई कार्रवाई से मासूम की जान बच गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### अपहरण का झूठा खेल खुलासा

कैराना में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक मां ने अपनी मासूम संतान को बदले की आग में झोंक दिया। पुरानी रंजिश के चलते, महिला ने अपने तीन साल के बच्चे का अपहरण होने का झूठा आरोप लगाया और माहौल को भावनात्मक बनाने के लिए पुलिस से मदद मांगी। मगर पुलिस ने मामले की गहरी जांच की और महज नौ घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

## गन्ना फसल बचाने को खेतों में उतरे मिल अधिकारी, मलकपुर में किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** अपर दोआब शुगर मिल्स, शामली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मलकपुर में चीनी मिल अधिकारियों द्वारा गन्ना फसल का निरीक्षण कर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान खेतों में खड़ी फसल की स्थिति का जायजा लिया गया और कीट प्रबंधन को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की गई। चीनी मिल के गन्ना विकास प्रमुख सी.पी. मलिक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि इस समय गन्ना फसल में चोटी बेधक कीट का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे समय रहते अपने खेतों में उचित कीटनाशकों का प्रयोग करें, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।उन्होंने बताया कि किसान भाई कोराजन, नेटजन अथवा वलियम की 150 मिलीलीटर मात्रा को 400 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास ड्रेंचिंग करें। इसके अलावा फर्टेरा या नटेरा दानेदार की 8 किलोग्राम मात्रा अथवा फ्यूराडान 12 किलाग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करना भी प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि कीट नियंत्रण के लिए यह समय सबसे उपयुक्त है, इसलिए किसान इस माह के अंतिम सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह तक किसी एक रसायन का प्रयोग अवश्य कर लें।निरीक्षण के दौरान किसानों को उन्नत खेती के तरीकों और समय पर कीट नियंत्रण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर चीनी मिल के सुपरवाइजर नेत्रपाल सिंह के साथ उन्नतिशील कृषक जुनैद प्रधान, साजिद, इनाम, कौशर, जीशान और इरशाद सहित अन्य किसान भी मौजूद रहे।

## डायलिसिस मशीन चालू न होने पर लगाए आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला** नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित जैन रेस्टोरेंट में अग्रवाल समाज के नेतृत्व में प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता का संचालन समाजसेवी अमन मित्तल ने किया इस दौरान नगर के दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुद्दे उठाए गए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजश्वेर बंसल ने शामली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांधला के सरकारी अस्पताल में स्थापित डायलिसिस मशीन को जानबूझकर चालू नहीं कराया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएमओ किसी बड़े घोटाले में संलिप्त हैं और इसी कारण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।राजश्वेर बंसल ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज हैं, जो आर्थिक तंगी के कारण निजी अस्पतालों में डायलिसिस कराने में असमर्थ हैं। ऐसे में सरकारी अस्पताल में डायलिसिस मशीन का संचालन अत्यंत आवश्यक है, ताकि गरीबों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मशीन चालू नहीं की गई तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की गईं, जिनमें आठ स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना, एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में 534 बेंच उपलब्ध कराना, करीब 2000 बच्चों को बैग और 3500 बच्चों को जर्सी वितरित करना शामिल है। इसके अलावा 35 छात्र-छात्राओं को साइकिल भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की आठ बड़ी ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या के समाधान के लिए वाटर टैंक स्थापित कराए गए, जिससे ग्रामीणों को समय पर पानी उपलब्ध हो सके। साथ ही 15 गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कूड़ा उठाने के लिए ई-रिक्शा भी वितरित की गईं। प्रेस वार्ता के दौरान अखिल बंसल, किसान नेता कुलदीप पवार, रोहित गुप्ता, अमन मित्तल, सचिन गोयल ईश्वर दयाल, कन्हैया चावल, विकी जैन, अमित गोयल, पवन कंसल, विष्णु प्रसाद अग्रवाल और मेहर चंद सिंघल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष पंडित पवन गौतम ने कहा कि भगवान परशुराम ने 21 बार पृथ्वी को अत्याचारी राजाओं से मुक्त किया। उनका संघर्ष किसी जाति विशेष के विरुद्ध नहीं था बल्कि अहंकार अन्याय और शोषण के खिलाफ था।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से आज भी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम पंडित रामश्वेर दयाल शर्मा के आवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष नरेश शर्मा, अरुण शर्मा और दीपक कोरी ने संयुक्त रूप से भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम को चिरंजीवी बताते हुए कहा कि वे हर युग में सत्य और धर्म के पक्ष में खड़े रहते हैं।वक्ताओं ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं माता-पिता के प्रति कर्तव्य अनुशासन, पराक्रम और समाज के कमजोर वर्गों के संरक्षण पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम महान योद्धा और धनुर्धर थे जिन्होंने विभिन्न कालखंडों में अनेक योद्धाओं को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दी।कार्यक्रम के अंत में पंडित पवन गौतम ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

कार्यक्रम का संचालन संजीव शर्मा ने किया तथा अध्यक्षता नरेशशर्मा ने की। इस अवसर पर दीपक कोरी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि,अरुण शर्मा, रविंद्र गौतम, योगेश शास्त्री, मनोज शर्मा, महेश गोयल, जगमाल सैनी, दिनेश शर्मा, मुकेश ठाकुर, रामभूल राणा, राकेश कंबोज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कटा, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के खंद्रावली स्टेशन पर खड़े एक युवक को ट्रेन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक पैर कट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी मोनू कुमार स्टेशन पर ट्रेन में सवार होकर रिश्तेदारी में जाने के लिए खड़ा था। इसी दौरान शामली से दिल्ली जा रही ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक का पैर कट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी मिलने पर कल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायल को अपने साथ लेकर हायर सेंटर के लिए लेकर चले गए।

## अधेड़ की मौत से छाया शौक

**शामली।** बुर्जुग की मौत के बाद अंतिम संस्कार में गए एक व्यक्ति की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी 73 वर्षीय बलबीर सिंह का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह जब बलबीर सिंह के शव को दिल्ली रोड स्थित शमशान घाट पर लेकर पहुंचे तो इसी दौरान अंतिम यात्रा में आये पडौसी रामकुमार जांगिड की शव को देख अचानक तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में रामकुमार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक ही मोहल्ले में दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा रहा।



## विजेंद्र सिंह रावत ने बाजार और संवेदनशील क्षेत्रों में किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार रात थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने मुख्य बाजार, भीड़ भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की और आवश्यक पूछताछ भी की। साथ ही दुकानदारों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस की मौजूदगी से क्षेत्र में हलचल बनी रही और लोगों में सुरक्षा का एहसास भी देखने को मिला। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।उन्होंने यह भी बताया कि आगे भी इस तरह की पैदल गश्त लगातार जारी रहेगी।

जिससे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इस पैदल गश्त के चलते कस्बे में सुरक्षा का माहौल और अधिक मजबूत हुआ है।

## आशुतोष का शोध पत्र जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर में प्रकाशित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के आरके पीजी कॉलेज के भौतिकी विभाग में एमएससी छात्रों का शोध पत्र दूसरी बार अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह विश्वविद्यालय का परास्नातक कक्षाओं में दूसरा अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र है, और एमएसयू के आरके कॉलेज शामली ने शोध और नवाचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है।

आरके पीजी कालेज के प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में एमएससी भौतिकी के छात्र आशुतोष शर्मा ने उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र को विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर के जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर मॉडलिंग में प्रकाशित कराया है, जिसका इम्पैक्ट फैक्टर 2.5 है। यह शोध पत्र विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुभव आधारित अधिगम के उद्देश्य की भी सफलता का प्रतीक है। यह शोध पत्र पाइथन मॉडलिंग को नैनोटेक्नोलॉजी में विस्तार से समझाता है, जो ग्रेफीन और कार्बन नैनो टड्ूब्स जैसे वंडर मटेरियल्स के 3डी विजुअलाइजेशन में मदद करता है। इस शोध का योगदान विशेष रूप से स्नातक और परास्नातक भौतिकी और रसायन विज्ञान के छात्रों के लिए पायथन मॉडलिंग को सिखाने में अत्यंत उपयोगी साबित होगा। शोध पत्र के प्रकाशित होने से न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में शिक्षा और शोध के प्रति नए पुष्टिकोण को भी प्रोत्साहित करता है।

## सरेबाजार युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली जिले के गांव गढी अब्दुल्ला में एक मनचले युवक द्वारा सरेबाजार युवती के साथ छेडछाड करते हुए मारपीट का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सरेबाजार युवती के साथ हुई मारपीट की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने से जहां लोगों में रोष व्याप्त है वही समाजसेवी ने पुलिस से मनचले युवक की गिरफ्तारी की मांग की है। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां मनचले युवकों को कतई बख्शने के मूड में नही है वही थाना गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढी अब्दुल्ला में एक मनचले युवक का सरे बाजार युवती के साथ छेडखानी करने का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियों में एक युवती बाजार से जाती दिखाई दे रही है। इसी दौराने पीछे से आये युवक ने अचानक युवती को दबोच लिया और उसको जबरन पकडकर अपने साथ आगे दूसरी गली में लगे गया। जहां युवती के साथ अपशब्द का प्रयोग करते हुए पहले हाथ मरोडा और बाद में मारपीट की।

जब युवती मारपीट के बाद जमीन पर बैठ गई तो आरोपी युवक यही नही थमा और जाते जाते युवती के पेट में लात मारकर फरार हो गया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला दो दिन पुराना होने के बावजूद गढीपुख्ता पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की। समाजसेवी मुनव्वर जंग का कहना है कि युवती के साथ सरेबाजाद में हुई छेडखानी पर सवाल उठता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का पालन करने में गढीपुख्ता पुलिस नाकाम है। दो दिन बाद भी आरोपी युवक की गिरफ्तारी नही हुई है। घटना के संबंध में एएसपी सुमित शुक्ला का कहना है घटना के संबंध में मुकदमा लिखा गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी।

# मांगों को लेकर बिजलीघर पर संविदाकर्मियों का सत्याग्रह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ का आरोप है कि आउटसोर्सिंग निगम से कर्मचारियों को बाहर रखे जाने के कारण संविदा कर्मियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

संघ के जिला अध्यक्ष चौधरी गुलशन कुमार ने बताया कि इस निर्णय के चलते कर्मचारियों को निर्धारित मानक वेतन का लाभ नहीं मिल पाएगा और उन्हें सीधे भुगतान की सुविधा से भी वंचित रहना पड़ेगा। वर्तमान व्यवस्था में कर्मचारियों को ठेकेदार कंपनियों के माध्यम से ही भुगतान प्राप्त करना पड़ रहा है, जिससे शोषण की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में अभी तक संविदा कर्मचारियों के लिए स्पष्ट नियमावली नहीं है, जबकि आउटसोर्सिंग निगम के तहत नियमावली बनाए जाने की संभावना थी। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों की छंटनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे उनकी नौकरी की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ है। संघ ने मांग की है कि संविदा कर्मचारियों को उचित मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और सेवा स्थिरता प्रदान की जाए। यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन और उससे जुड़े अन्य कर्मचारी संगठन आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को प्रदेश के सभी जनपदों में एक दिवसीय सत्याग्रह किया जाएगा। इसके बाद 4 मई 2026 को संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। यदि इसके बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संघ द्वारा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। संघ के इस ऐलान से विद्युत विभाग की व्यवस्थाओं पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

इस अवसर पर नितिन कुमार सैनी, हसन, प्रदीप, उद्यम, शक्ति, राहुल, शुभम, विनीत, दिलदार, गय्यूर, संजय, रोशन, मोहित, प्रवीण, राकेश, रजत, अरविन्द, अमित, संदीप, सोनू राणा आदि मौजूद रहे।

# बच्चे ने मंत्री से मांगी पुलिस व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक मासूम छात्र ने राज्यमंत्री जसवंत सैनी से स्कूल के बच्चों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन के लिए पुलिस की व्यवस्था करने की माँग की जिस पर राज्यमंत्री ने तत्काल मासूम की माँग पूरी कर दी।

नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 के छात्र अल्तमश कबीर ने राज्यमंत्री जसवंत सैनी के निवास पर पहुँच कर बड़ी मासूमियत के साथ कहा कि मंत्री जी स्कूल टाइम सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक और दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक के लिए हाथी गेट व शहरीपुल पर बच्चों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से निकलने के लिए पुलिस को आवश्यक निर्देश दीजिए ताकि बच्चों में किसी तरह की शंका न रहे।बच्चे की मासूमियत और समझदारी से राज्यमंत्री बहुत प्रभावित हुए और पहले उन्होंने बच्चे को गुलदस्ता भेंट किया।साथ ही तत्काल पुलिस को इस विषय में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि बच्चों में इतना हौसला होना चाहिए कि वह अपनी बात रख सकें। उन्होंने अल्तमश कबीर को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि मन लगा कर पढ़ाई कीजिए। आप जैसे बच्चे देश का नाम ऊँचा करते हैं।

इस दौरान प्रमोद कौशिक,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा चौधरी हैदर गुर्जर, फुरकान चौधरी, दीपक सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अप्रैल माह में बढ़ा वेतन देने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा को नामित सभासद सूरज वाल्मिकी ने पत्र सौंप कर नगर पंचायत के कर्मचारियों को अप्रैल माह से बढ़ा हुआ वेतन दिए जाने की मांग की है।

नामित सभासद सूरज वाल्मिकी ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा को माँग पत्र व शासनादेश की कॉपी सौंप कर बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सराहनीय निर्णय लेते हुए कर्मचारियों की मजदूरी बढ़ा दी गई है।इसलिए अप्रैल माह का मई माह में दिए जाने वाला वेतन बढ़ोतरी के साथ दिया जाए। इसके अलावा बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए सफाई कर्मचारियों की जो हाजरी दोपहर दो बजे होती है वह तीन बजे की जाए।

अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने कहा कि शासनादेश के अनुसार ही कार्य किया जाएगा।नगर पंचायत कर्मचारियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

# 20 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथों पकड़ा

**सहारनपुर।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने कृषि विभाग के एक टेक्नीशियन को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

शिकायतकर्ता अमरनाथ निवासी ग्राम दीदपुरा (अंबेहटा पीर, थाना नकुड़) ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग का कर्मचारी अरुण कुमार उसकी दुकान में कमियां निकालकर कार्य के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया।

# अच्छे अंकों के लिए और अधिक करें मेहनत: इकरा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के दुमझेडा रोड स्थित माउंट सफा इंटरनेशनल हाईस्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैराना लोकसभा सांसद चौधरी इकरा हसन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

मंगलवार को नगर के दुमझेड़ा रोड स्थित माउंट सफा इंटरनेशनल हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक गीत, नृत्य, लघु नाट्य आदि प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची सांसद इकरा हसन ने परीक्षा में मेधावी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चे अतिउत्साहित न हो बल्कि और अधिक मेहनत करें, ताकि आप अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकें। कम अंकों से पास होने वाले बच्चे निराश न होकर अधिक मेहनत करें, ताकि अगले वर्ष की परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हो सके।

उन्होने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। इस दौरान सांसद ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को उच्च स्तर तक शिक्षा गृहण करायें। ताकि वह अच्छे शिक्षित नागरिक बनकर देश को आगे बढ़ाएं। सांसद ने स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। स्कूल प्रबंधक नोमान अहमद ने स्कूल आगमन पर सांसद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ, विधार्थियों, अभिभावकों सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दुकान से चोरी करने की आरोपी महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दुकान से कपड़े चोरी करने वाली एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान व नगदी बरामद कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार वादी मुशबीर पुत्र मेहरबान ने 20 अप्रैल को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात महिला ने उसकी कपड़े की दुकान से 4 शूट चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार व महिला उपनिरीक्षक प्रीति के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी परवीन पत्नी वासिद निवासी कस्बा सैनीपुरा थाना मंगलौर जिला हरिद्वार उत्तराखंड हाल पता लिंक रोड थाना कोतवाली नगर को पुराने कलसिया रोड पर खाताखेड़ी जाने वाले रास्ते पर जेवी जैन कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला के कब्जे से चोरी किए गए चार शूट, चांदी दो जोड़ी पाजेब व 4 हजार रूपए की नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# गेहूं नहीं तोला तो सड़कों पर होगा किसान: विनय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाकियू के राष्ट्रीय सचिव चौधरी विनय कुमार ने शासन को चेताया कि अगर एक-दो दिन के अंदर सभी समितियां पर गेहूं नहीं तोला जाता तो किसान सड़कों पर होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

चौधरी विनय कुमार आज कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसानों की मासिक पंचायत को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी समितियां पर गेहूं खरीद का ना किया जाना व समितियों पर बारदाना व बोरी उपलब्ध न होना एक मुख्य समस्या रही है जिस कारण किसानों का गेहूं नहीं तोला जा रहा हैं। राष्ट्रीय सचिव चौधरी विनय कुमार ने शासन को चेताया कि अगर एक-दो दिन के अंदर सभी समितियां पर गेहूं नहीं तोला जाता तो किसान सड़कों पर होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। मंडल अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि जिले की समितियों पर ना तो समय पर खाद मिल पा रही है जिससे किसान अपने गन्ने की बुवाई कर सके और नकली दवाई का बड़े स्तर पर जिले में चलन हैं जिस पर शासन प्रशासन को रोक लगनी चाहिए। जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली विभाग तानाशाह हो चुका है ना तो किसानों को दिन के समय पूर्ण रूप से बिजली मिल पा रही है जिससे किसान सिंचाई कर सके और शासन को निर्बंध आपूर्ति की जानी चाहिए। पश्चिम प्रदेश प्रवक्ता चौधरी मा. रघुवीर सिंह ने कहा कि जिले में एक बड़ा आंदोलन होगा जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। सभा के अंत में ग्राम लखनौर निवासी किसान यूनियन के कर्मठ योद्धा चौधरी महेंद्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। अध्यक्षता अतर उर रहमान व संचालन जिला प्रवक्ता चौधरी संजय सिंह ने की।

# कार्यकारिणी समिति ने स्कूल को समर्पित किया वाहन

**गंगोह।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती से सम्बद्ध शिशु शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंगोह की कार्यकारिणी समिति द्वारा विद्यालय के भैया बहिनों के आवागमन हेतु एक नई टाटा मैजिक गाड़ी विद्यालय को समर्पित की गई, जिसे क्रय करने में पुरातन छात्रों पराग गोयल, प्रभात गोयल, मनीष बंसल का भी यथोचित सहयोग रहा।

गाड़ी का सनातन रस्मोरिवाज के साथ विधिवत पूजन पूर्व प्रबन्धक डॉ. राकेश गर्ग ने पुरोहित पंडित मोहन तापये की देखरेख में सम्पन्न कराया। उपप्रबन्धक रमेश चंद्र गर्ग, राकेश तायल, सुधीर अग्रवाल, अमित व समस्त स्टाफ की सहभागिता रही। विद्यालय प्रबंधक मेंघ गोपाल ने नई गाड़ी आने पर पुरातन छात्रों का आभार एवं प्रबंध समिति की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। इसके बाद गाडी को गुड़ छप्पर शिवमन्दिर ले जाकर भगवान शिव का आर्शीवाद लिया।


## सूचना

हमने अपने पुत्र सोहित व पुत्रवधू आशा को गलत कृत्यों के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो के हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**कुलदीप सिंह पुत्र साधूराम व श्रीमति लता पत्नि कुलदीप निवासीगण ग्राम झिंझौली महमूदपुर, थाना बेहट, जिला सहारनपुर।**



## कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर

पत्राक 17/जि०पं० /नि०अनु० / 2026-2027 दिनांक: 21-04-2026

### ई-निविदा सूचना

जिला पंचायत के पंजीकृत समस्त ठेकेदारों एवं उ0प्र0 शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80 जी -2000. दिनांक 14.07.2020 के अनुपालन में राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया. जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग अनुदान वर्ष 2025-2026 के कुल 07 निर्माण कार्य एवं 15 वॉं वित्त आयोग अनटाइड फण्ड अनुदान वर्ष 2025-2026 के कुल 02 निर्माण कार्य एवं 15 वीं वित्त आयोग टाईड फण्ड अनुदान वर्ष 2025-2026 के अन्तर्गत 19 निर्माण कार्य (अंकन 10.00 लाख रूपये से अधिक धनराशि की द्वितीय-बार ई-निविदा दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 13.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे से गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाए ई-टैण्डरिंग व्यवस्था से डाउनलोड व अपलोड की जायेगी। प्रत्येक ई-निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर० जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। ई-निविदा शुल्क ठेकेदार/ फर्मों द्वारा स्वयं के खाते से ऑनलाईन जिलानिधि के खाता संख्या 6218000100050711/ आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0621800 पंजाब नेशनल बैंक कलक्ट्रेट कम्पाउण्ड, सहारनपुर में जमा करना होगा। जिसका यू०टी०आर० नम्बर स्केन कर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्तें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30.04.2026 के उपरान्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वैबसाईट www.saharanpur.nic.in से डाउन लोड कर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा० अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत, सहारनपुर में निहित होगा।

| (मुकेश कुमार) | (चन्द्रवीर सिंह) | (माँगेराम चौधरी) |
|---|---|---|
| अभियन्ता, | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष, |
| जिला पंचायत, सहारनपुर | जिला पंचायत, सहारनपुर | जिला पंचायत, सहारनपुर |


# अम्बेहटा में निकाली भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेहटा।** मंगलवार को नगर के मुख्य बाजार में स्थित श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

देवी-देवताओं की मूर्तियों की आँखों पर पट्टी बाँधकर पूरे नगर में भ्रमण कराया गया। गाजे-बाजे, भक्ति गीतों और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शोभायात्रा के बाद मूर्तियों की विधि-विधान से पूजा की गई और उन्हें विश्राम कराया गया।

आगामी 23 अप्रैल को मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसकी तैयारियाँ जोरों पर चल रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष सुरेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में अजय गुप्ता, , अंजय सिंह रोहिला, अश्वनी मित्तल, कुलदीप मितल, नितिन भटनागर, सुरेन्द्र धीमान, हर्ष जैन,महावीर गुप्ता सहित उपस्थित रहे।

# छात्रों को जानकारी देकर जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत आज एस ए एम इंटर कॉलेज में शासन की मंशा के अनुरूप भूगोल प्रवक्ता ब्रिजेश पुंडीर द्वारा छात्रों को जल संरक्षण व संवर्धन हेतु जानकारी देते हुए जल को बरबाद न करने व जल संरक्षण हेतु शपथ दिलायी गई।

आज विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गुप्ता के निर्देशन मे भूगोल प्रवक्ता ब्रिजेश पुंडीर द्वारा छात्रों को जल संरक्षण व संवर्धन हेतु जानकारी देते हुए जल को बरबाद न करने व जल संरक्षण हेतु शपथ दिलायी गई जिसमें विद्यालय की सभी छात्र-छात्राओ ,शिक्षक एवं शिक्षिकाओं नें जल संरक्षण हेतु अपने आसपास के लोगों को भी जागृत करने हेतु शपथ ली जल न होता जग जल जाता। यदि जल नहीं होगा तो हमारा जीवन नहीं चल पाएगा, जल का हमें उतना ही उपयोग करना चाहिए जितना हमे आवश्यक है। किसी भी रुप में जल की बर्बादी से हमें बचना चाहिए। इसी क्रम में छात्रों को जागरूक करने हेतु चित्रकला, निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी जिससे छात्र जल संरक्षण की महत्ता को समझें और जल संचयन में मदद कर सकें।


## सूचना

मैने अपना नाम SAEEDA से बदलकर SAIDA रख लिया है। अब व भविष्य में मुझे SAIDA के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**SAIDA W/o KAMAR AKHTAR R/o 1532 SARAI FAIZ ALI GALI BHAYYA BAGH, SAHARANPUR U.P.-247001**


# कैम्प में 210 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अल-खैर फाउंडेशन के तहत मोहल्ला गुलाम औलिया में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमे 210 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गई।

कैंप का उद्घाटन मौलाना सैयद अजहर मदनी ने फीता काटकर किया। उन्होंने समाज सेवा, आपसी एकता और इंसा. नियत के कामों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि जब तक सभी लोग मिलकर काम नहीं करेंगे, तब तक तरक्की मुमकिन नहीं है। साथ ही उन्होंने अल-खैर फाउंडेशन गंगोह के जिम्मेदार लोगों को हर तरह के सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि जो भी बच्ची अल-खैर फाउंडेशन गंगोह के लेटर पैड के साथ शाहीन ग्रुप के तहत चलने वाले मदनी स्कूल में एडमिशन लेने आएगी, उसे फीस में खास छूट दी जाएगी। मौलाना चाहत कासमी ने कहा कि अल-खैर फाउंडेशन ने कम समय में अच्छे काम किए हैं। सभी को सच्चाई, अल्लाह के लिए काम करने का जज्बा पैदा करना होगा, अच्छे कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि यदि किसी को किसी भी तरह की मदद की जरूरत हो, तो अल-खैर फाउंडेशन गंगोह हमेशा मदद के लिए तैयार है। डा. फैसल खान (अध्यक्ष), सैयद शारिक हुसैन (उपाध्यक्ष), डा. खुशनूद (कोषाध्यक्ष), हाजी वसीम कुरैशी (महासचिव), विधायक कामिल मलिक, डा. असलम, डा. सुहैल, डॉक्टर मुजम्मिल, डा. सरफराज, डा. असजद, जमशेद शाह, राशिद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर पेंशनरों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति, उत्तर प्रदेश एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन जनपद शाखा के तत्वावधान में पेंशनरों की समस्याओं को लेकर धरना देकर ओपीएस बहाली व महंगाई राहत की उठी मांग कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

आज रामलीला ग्राउंड, हकीकत नगर में पेंशनरों ने धरना दिया। यह धरना प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर केंद्रीय आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसमें पेंशनरों की लंबित समस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई।

# छात्राओं से पुलिस अफसरों का संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत कोतवाली में पहुंची कॉलेज की छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद किया और कोतवाली में छात्राओं ने कानून व्यवस्था, सुरक्षा और अपराध से जुड़े सवाल पूछे।

इस दौरान एक छात्रा ने जेल में कैदियों को चक्की चलाने की सजा मिलने की बात पूछी, तो पुलिस अधिकारियों ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया और छात्राओं को जेल व्यवस्था, सजा की प्रक्रिया और कैदियों के जीवन से जुड़ी सही जानकारी देते हुए बताया कि फिल्मों और कहानियों में दिखाई जाने वाली कई बातें वास्तविकता से अलग होती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना और कानून की जानकारी देने के साथ ही उनके मन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करना रहा। छात्राओं को उनकी सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर और महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

# रोस्टिंग के बाद भी लग रहे लंबे कट

**रोस्टिंग के अलावा अनुरक्षण कार्य के लिए बिजली की कटौती की जा रही है: एसडीओ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भले ही तीन घंटे की रोस्टिंग के आदेश हो लेकिन गर्मी का पारा बढ़ने के साथ-साथ ही बिजली के कट बढ़ने लगे हैं। यही आलम बिजली की अंधाधुंध कटौती के चलते खेतों में किसानों को बुवाई के लिए पानी की बूंद-बूंद को तरसना पड़ रहा है।

वर्ष 2017 से पहले देवबंद भले बिजली कटौती से मुक्त रहा हो लेकिन पिछले कुछ वर्षो से देवबंद को भी रोस्टिंग के हिसाब से ही बिजली मिल रही है। सुबह के पांच बजे के दो घंटे के कट के बाद दोपहर तीन बजे एक घंटे का कट है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से मौसम का पारा बढ़ते ही बिजली कटौती दिन के इन कट के बाद भी लंबे कट लग रहे हैं। जिनमे रात के समय भी बिजली गुल हो जाती है। हालांकि रविवार को दिन भर ही नहीं रात तक भी लंबे कट लगने के बाद भी दो दिनों में रोस्टिंग से अधिक बिजली कटौती की जा रही है। जबकि पॉवर कारपोरेशन के अधिकारियों का मानना है कि रोस्टिंग के अलावा कोई अन्य कटौती नहीं की जा रही हैं। जबकि अंधाधुंध कट से लोग परेशान है। पॉवर कारपोरेशन के एसडीओ संतोष कुमार ने बतायाा कि रोस्टिंग के अलावा अनुरक्षण कार्य के लिए बिजली की कटौती की जा रही है। उन्होंने बताया कि वह स्वंय निगरानी करेंगे कि कही अनावश्यक कटौती नहीं की जाए।

# हिंदू भी मुसलमान भी सब एक हैं: प्रदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हिंदू-मुस्लिम भाईचारा समिति के तत्वावधान में मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें शायरों और कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हाईवे स्थित एक बैंक्वेट हाल में हिंदू-मुस्लिम एकता व भाईचारा विषय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक डॉ. कमरुज्जमा कुरैशी ने फीता काटकर किया। इसमें हास्य शायर जहाज देवबंदी ने सुनाया..कदर करते हैं मियां दिल, इनकी खिदमत की रहनुमान की, हिंदू मुस्लिम व भाईचारा हो, यह कोशिश है सलीम भाई की। चांद देवबंदी ने अपना कलाम पेश करते हुए पढ़ा..जुगनू हूं उसके कद के बराबर नहीं हूं मैं, सूरज का फिर भी शुक्र है नौकर नहीं हूं मैं। शामली से आए कवि प्रदीप मायूस ने पढ़ा..हिंदू भी मुसलमान भी सब एक ही तो हैं, अल्लाह भी भगवान भी सब एक ही तो है, बांटे हुए है हम ही फक्त इनकी खुश्बुएं गीता भी कुरान भी सब एक ही तो हैं। नोएडा की कवियत्री सविता सिंह शमां ने पढ़ा..क्यों जिंदगी से मेरी इंसानियत चली गई, दोंनो के दरमियां से मोहब्बत चली गई। कवि बलराज



मलिक ने कुछ यूं पढ़ा..वो देखो भारत की दोंनो बेटी उड़ाकर राफेल चल पड़ी हैं, लडी थी मर्दानी झांसी जैसे, वो देखो ऐसे ही लड पडी है सुनाकर देर रात तक जमकर वाहवाही लूटी। इनके अलावा महमूद अशर, राशिद कमाल, नफीस अहमद नफीस, नईम अख्तर, अरूण शर्मा मेरठ, रमेश चंद्रा, परमवीर कौशिक आदि ने भी अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। अध्यक्षता डॉ. नासिर शाह व संचालन जर्रार बेग ने किया। इस मौके पर रिजवान अंसारी, विवेक तायल, खलील खान, अली नवाज, नवेद, अजय गर्ग, शाजिया नाज, नजम उस्मानी आदि लोग शामिल रहे।

# गीता भवन में पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापित



**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा गीता भवन के प्रांगण में पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान भव्य आरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया।

गीता भवन में चल रहे अखंड पाठ के संपन्न होने के उपरांत गीता भवन समिति के अध्यक्ष अजय बंसल और उनकी धर्मपत्नी द्वारा पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा की विधिविधान से स्थापना की गई। मुख्य पुजारी विनय प्रकाश तिवारी ने हनुमान जी की भव्य आरती की और भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर राजू रस्तोगी, सुधीर गर्ग, सुशील कर्णवाल, अश्विनी गर्ग, दीपक गुप्ता, पंकज अग्रवाल, रजनी सिंघल, मंजू शर्मा, अनीता तायल, मीनू गर्ग, सरिता गर्ग, डॉ. कांता त्यागी, अंचला गंभीर आदि शामिल रहे।

# साहित्यकार डा. लोकेश वत्स को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुजफ्फरनगर में सकल साहित्य समाज के आयोजित कार्यक्रम में देवबंद के साहित्यकार डा. लोकेश वत्स को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी साहित्यिक, शैक्षणिक और सामाजिक सेवाओं के लिए दिया गया है।मुजफ्फरनगर के एसवीएम योग एवं स्वास्थ्य विज्ञान महाविद्यालय में वरिष्ठ साहित्यकार राकेश कौशिक के नूतन कहानी संग्रह पर चर्चा के लिए आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुडकी के कहानीकार श्रीयुत कृष्ण सुकुमार समेत अतिथियों के हाथों डा. लोकेश वत्स को सम्मान मिला। साहित्यकार डा. लोकेश वत्स ने साहित्य एवं समाज के प्रति निरंतर उनके योगदान को रेखांकित किया। डा. लोकेश वत्स ने बताया कि कार्यक्रम में संस्कार भारती के जिला संरक्षक एससी शर्मा को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया है। अखिलेश शर्मा, विजेंद्र कश्यप, रविंद्र कश्यप, मनोज शर्मा, अनिल चौधरी, अरुण कुमार, दीपिका, सुलोचना शर्मा व शिवांश शर्मा आदि ने डा. लोकेश वत्स को बधाई दी है।



# तालीम हासिल करने का किया आह्वान

**देवबन्द।** इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के वरिष्ठ उस्ताद मौलाना खिजर मोहम्मद कश्मीरी ने छात्रों से मेहनत और लगन से तालीम हासिल करने का आह्वान किया। कहा कि तालीम के बिना जीवन अंधकारमयी है। इसलिए छात्र जिस उद्देश्य के लिए यहां आए हैं, उसी पर ध्यान केंद्रित करें।

ईदगाह मार्ग स्थित दारुल उलूम फारुकिया में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना खिजर मोहम्मद कश्मीरी ने छात्रों को हदीस की दूसरी बड़ी पुस्तक मुस्लिम शरीफ का पाठ पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को नसीहत करते हुए कहा कि मदरसे दीन के मजबूत किले हैं, यहां से तालीम हासिल कर छात्र देश ही नहीं विदेशों में भी इसकी रोशनी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जरुरत इस बात



की है कि षडयंत्रों से बचकर और इस्लामी तालीम पर अमल करते हुए आगे बढ़ा जाए। संस्था के मोहतमिम मौलाना नूरुलहुदा कासमी ने कहा कि आज के छात्र कल का भविष्य हैं। जो छात्र यहां से शिक्षा पूर्ण कर जा चुके हैं, वे आज बड़ी संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि फिजूल कामों से बचकर अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर लगाएं और दूसरों छात्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर मौलाना अब्दुल रहीम बस्तवी, रहमतुल्लाह, मौलाना इस्तेखार कैरानवी, मुफ्ती रशीद, मुफ्ती तसलीम, इमदादुल्लाह नूर, मुफ्ती अतहर, मुफ्ती अहमद, कारी अहबाब, मुफ्ती अय्यूब आदि शामिल रहे।

# डीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी

## लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित हुई।

डीएम जसजीत कौर ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि विगत बैठक के जो प्रकरण लंबित हैं, उन्हें विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी विभाग से कोई समस्या हो, तो उन्हें संज्ञानित करें, ताकि संबंधित अधिकारी से लंबित समस्या का निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के



लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकर्ताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें डीएम के समक्ष प्रस्तुत की गई। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी शिकायतों के समाधान के लिए गंभीर है। समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयपूर्वक तत्पर के साथ निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बंधु मौजूद थे।

# बीएससी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का बीएससी तृतीय सेमेस्टर वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया।

परीक्षा में जैनब परवीन और इलमा जबी ने 73.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अलीशा परवीन ने 72.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जैनब शाहिद ने 70 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान हासिल किया।

**छात्राओं का शानदार प्रदर्शन**

इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज के प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आदर्श नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा करें।

विज्ञान विभाग की प्रवक्ता रिजवाना खान, ईरम शाहिद, निशा परवीन एवं अल्फिया सिद्दीकी ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम विषय पर साक्षरता शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज हबीबवाला में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1996 विषय पर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी जयवीर सिंह ने उपस्थित लोगों को बताया कि यह कानून भ्रूण हत्या को रोकने और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण जांच पर प्रतिबंध लगाकर घटते लिंग अनुपात को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया है। प्रसवकाल में लिंग चयन तकनीकों को भी शामिल करके कानून को सख्त बनाने के लिए 2003 व 2011 में संशोधन किए गए है। इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अपराध संज्ञेय, गैर जमानती और गैर-समझौता योग्य बना दिया गया है। लिंगानुपात 1:1 होना चाहिए।

# टाइगर व गंगा हेरीटेज के नाम से विशेष बस सेवा

## डीएम ने एआरएम रोडवेज से कार्य योजना शासन को प्रेषित करने को कहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। प्राप्त समाचार के अनुसार बैठक में डीएम जसजीत कौर ने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि बिजनौर टाइगर-गंगा हेरीटेज के नाम से विशेष बस सेवा प्रारंभ कराए जाने से संबंधित कार्य योजना बनाएं और उनके द्वारा शासन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकास कुमार अग्रवाल डिविजनल अध्यक्ष द्वारा जिले में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों का उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों के हित के दृष्टिगत ब्रिक्स चौप्टर के एसओआर में पीडब्ल्यूडी द्वारा फ्लाई ऐश ब्रिक एवं टाइल आदि की दरें निर्धारित करने के अनुरोध पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि शासन की औद्योगिक नीतियों का प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक निवेश आकर्षित किया जाए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ सकें।



उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जनपद में औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैंकों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें, जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा विद्युत आपूर्ति, सड़क, परिवहन, भूमि आवंटन, बैंक ऋण, प्रदूषण संबंधी अनुमति एवं अन्य जनहित से जुड़े विभागीय समस्याओं को उठाया गया। जिन पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान पोर्टल पर प्रदर्शित कुल आवेदन पत्र 578 जिसके सापेक्ष प्रथम स्तरीय सत्यापन 227, द्वितीय स्तरीय सत्यापन 108 तथा तृतीय स्तर पर स्वीकृति की संख्या 85 पाई गई। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1700 आवेदन पत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों को प्रेषित 441, बैंक द्वारा स्वीकृत 13, बैंक द्वारा वितरित 22, लंबित आवेदन 428 तथा 11 आवेदन बैंकों द्वारा अस्वीकृत किया जाना प्रकाश में आया। इस मौके पर सीडीओ, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, संबंधित विभागीय अधिकारी सहित विकास कुमार अग्रवाल, मुनीश त्यागी, नितिन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# सपा सरकार में हटेंगे स्मार्ट मीटर

## उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी : बी.के. कश्यप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा नेताओं ने कहा प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद सभी स्मार्ट मीटर हटा दिए जाएंगे और उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी।

सपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. के संयोजन में सपा जिला कार्यालय पर विभिन्न प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष महमूद कस्सार ने कहा कि 2027 में हम सभी सपा की सरकार बनाने का कार्य करेंगे। यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष नवाब मंसूरी ने संगठन को मजबूत करने की बात कही। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष राजेश गोयल ने कहा कि भाजपा व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहीं हैं। छात्र सभा के जिलाध्यक्ष फैजान ने कहा कि पार्टी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों को भी पार्टी के बड़े नेताओं को सम्मान देने का कार्य करना चाहिए। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र बबली ने नेता जी को याद कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। आशुतोष विश्वकर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के संयोजक बीके



कश्यप एड. ने सभी को सम्मान देने और नौजवानों के हक अधिकार की एक अच्छी पहल की है।

युवजन सभा के प्रदेश सचिव तरुण लांबा ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को नौजवानों की आवाज बताया। बैठक में सभी नेताओं ने एकजुट रहने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति तैयार की। हर माह सारे नेता मिलकर एक बड़ी बैठक जिला कार्यालय पर करेंगे। बीके कश्यप एड. ने कहा कि प्रकोष्ठ के सभी जिलाध्यक्षों को सम्मान तभी मिलेगा, जब उत्तर प्रदेश में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। सभी एकजुट होकर 2027 की तैयारियों में लग जाओ। हम सभी नौजवानों की जिम्मेदारी अधिक है। प्रत्याशी कोई हो, हमें केवल अखिलेश यादव और साईकिल को मजबूत करना है। बैठक का संचालन सोहेल बाकर ने किया। इस मौके पर अजीम कुरैशी, शराफत प्रधान, वारिस, राजकुमार शर्मा, नमन प्रधान, दिलशाद अंसारी, अखलाक पप्पू, सुरेंद्र बाल्मीकि, आसिफ आदि लोग भी उपस्थित रहे। इससे पहले बीके कश्यप एड. ने सभी जिलाध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# अभिषेक ने छुड़ाए दिल्ली के छक्के

### हैदराबाद ने दिल्ली को दिया 243 रन का टारगेट

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक की शतकीय पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (आरएच) ने आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 243 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आरएच ने 20 ओवर में दो विकेट पर 242 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने नाबाद 135 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 68 गेंद की पारी में 10 चौके और 10 छक्के लगाए।

हेनिरक क्लासन ने नाबाद 37 रन बनाए। दोनों ने नाबाद 66 रन की पार्टनरशिप की। अभिषेक के अलावा, ट्रैविस हेड ने 37, ईशान किशन ने 25 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। हैदराबाद की पारी के आखिरी ओवर से 20 रन आए। इसमें 3 चौके ओर एक छक्का लगा। आखिरी बाल पर आए चौके के दम पर




हैदराबाद ने 20 ओवर में 242 रन बना डाले और दिल्ली को 243 रन का टारगेट दिया। 18वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 14 रन खर्च कर दिए। हेनरिक क्लासन ने उनकी चौथी और 5वीं बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। बाकी के रन सिंगल के जरिए आए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अभिषेक ने नटराजन के ओवर की आखिरी बाल पर रिवर्स स्वीप करके चौका लगाया। इसी चौके से टीम का स्कोर 200 पार हो गया। 16वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने महज 6 रन दिए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल और डबल के जरिए बने। 15वें ओवर में हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। नीतीश की चौथी बाल पर ईशान किशन रनआउट हो गए। बाल नीतीश के हाथ से लगकर नान स्ट्राइक के स्टंप पर लगी। ईशान 25 रन ही बना सके। इसी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। नीतीश राणा ने इस ओवर में 23 रन आए। 15वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने शतक पूरा किया। उन्होंने नीतीश राणा की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए और 47 बाल पर शतक पूरा किया। अभिषेक ने अपने आईपीएल करियर में दूसरा शतक लगाया।

उनके टी-20 क्रिकेट में 9 शतक हो गए हैं। 14वें ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। टी. नटराजन की बाल पर डीप बैकवर्ट पाइंट पर नीतीश राणा ने कैच ड्राप किया। यहां अभिषेक शर्मा 86 रन के स्कोर पर खेल रहे थे। 13वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। उन्होंने मुकेश कुमार की आखिरी बाल पर छक्का लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। इसी के साथ हैदराबाद का स्कोर भी 150 पार हो गया। 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने 21 रन खर्च कर लिए। उनके इस ओवर में 4 बाउंड्री लगी। इनमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। 9वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने हाफ संेचुरी पूरी कर ली। उन्होंने अक्षर पटेल की पहली बाल को मिडविकेट की ओर खेला और अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में अक्षर पटेल ने 5वीं बाल पर ट्रैविस हेड को समीर रिजवी के हाथों कैच कराया। यहां फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। हेड 37 रन बनाकर आउट हुए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 67 रन बना लिए थें।

## टी-20 वर्ल्ड कप में प्रोटियाज के लिए अच्छे संकेत

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विमेंस टी-20 प्लेयर रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट के बाद दक्षिण अफ्रीका की टॉप परफॉर्मर बड़ी विनर रही हैं। दक्षिण अफ्रीका और भारत अभी इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को फाइनल कर रहे हैं, जिसमें पांच मैचों की सीरीज होगी और दोनों टीमों के प्लेयर्स को अपडेटेड रैंकिंग में बड़ी बढ़त मिली है।

प्रोटियाज की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट भारत के खिलाफ सीरीज के दूसरे गेम में शानदार हाफ-सेंचुरी के बाद टी-20 बैटर्स की अपडेटेड रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल के बाद पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि टीम की साथी एनेरी डर्कसेन (18 पायदान ऊपर 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ पायदान ऊपर 35वें स्थान पर) भी डरबन मुकाबले में अच्छे योगदान के बाद इसी लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रही।

भारत की ओपनर शेफाली वर्मा की बैटर रैंकिंग में भी फायदा हुआ है, प्रोटियाज के खिलाफ 57 रन की पारी के बाद दाएं हाथ की यह बल्लेबाज दो पायदान ऊपर चढ़कर कुल मिलाकर छठे स्थान पर आ गई हैं। आईसीसी के अनुसार, स्मृति मंधाना (चौथे) टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में शेफाली से आगे भारत की एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर (दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर) दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में नाबाद 47 रन की पारी के बाद टॉप 10 से ठीक बाहर हैं।

**खेल विशेष**

### इंदिरा गांधी और जाकिर हुसैन कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस (आईजीआईपीईएसएस) और जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज ने तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी-20 डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैचों में जीत दर्ज की। अनन पुप (9 रन पर 4 विकेट) और आशीा (57) के उम्दा प्रदर्शन से इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस (115/4, 11-1ओवर) ने राम लाल आनंद कॉलेज (113/10, 16-4 ओवर) को 6 विकेट से हराया। आशीा को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। गर्व (73 रन व 21 पर 4 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन और केशव यादव (53) की बल्लेबाजी से जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (154/01, 9-4 ओवर) ने शिवाजी कॉलेज (151/9, 20 ओवर) को 9 विकेट से मात दी।

### पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने मेड्रिड में उतरेंगे सिनर

**मैड्रिड, वार्ता।** जानिक सिनर का लगातार पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 टाइटल जीतने का सपना इस हफ्ते मटुआ मैड्रिड ओपन से शुरू होगा और इटैलियन खिलाड़ी को सोमवार को स्पेनिश राजधानी में हुए ड्रॉ के बाद अपना रास्ता पता चल गया। एटीपी रैंकिंग में नम्बर 1 खिलाड़ी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और तीसरे राउंड में पिछले साल के क्वार्टर-फाइनलिस्ट गैब्रियल डायलो का सामना कर सकते हैं। टॉमी पॉल चौथे राउंड के संभावित विरोधी हैं और एलेक्स डी मिनौर सिनर के सीडेड क्वार्टर-फाइनल मैच में हैं। लेकिन, नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार जोआओ फोंसेका और राफेल जोदार दोनों ही ड्रॉ में डी मिनौर के सेक्शन में हैं।

### भारत कबड्डी, 3x3 बास्केटबॉल में अपनी पहचान बनाना चाहेगा

**सान्या, वार्ता।** 31 सदस्यों वाला भारतीय दल 22 से 30 अप्रैल तक पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हैनान आइलैंड पर मौजूद सान्या में होने वाले एशियन बीच गेम्स 2026 में हिस्सा लेगा। एशियन बीच गेम्स के छठे एडिशन में 15 डिसिप्लिन में मेडल इवेंट होंगे, जिसमें कुल 62 गोल्ड मेडल दांव पर होंगे। भारत चार डिसिप्लिन में हिस्सा लेगा - 3ग3 बास्केटबॉल, बीच कबड्डी, सेलिंग और बीच रेसलिंग। भारत के टॉप बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रणव प्रिंस और हर्ा डागर 3ग3 टीम में हेडलाइन करेंगे। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा ऑर्गनाइज किया जाने वाला एशियन बीच गेम्स एक मल्टी-स्पोर्ट इवेंट है जो बीच और कोस्टल डिसिप्लिन पर फोकस करता है। पहली बार 2008 में इंडोनेशिया के बाली में हुए इन गेम्स में ऐसे स्पोर्ट्स दिखाए गए जो हमेशा एशियन गेम्स में शामिल नहीं होते थे। एशियन बीच गेम्स पिछली बार 2016 में वियतनाम के डा नांग में हुए थे, और शुरू में इन्हें 2020 में वापस आना था।

## महिला टी-20 रैंकिंग में भारत-दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ियों का बड़ा उछाल

**दुबई, वार्ता।** भारत की ओप. नर शेफाली वर्मा डरबन में दूसरे टी-20 में 38 बॉल में 57 रन बनाने के बाद आईसीसी महिला टी-20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्लॉट ऊपर चढ़कर छठे नम्बर पर आ गई हैं। ओपनर ने दो छक्के और चार चौके मारे, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने मैच आठ विकेट से जीत लिया।

मेजबान टीम वीकेंड की शुरुआत में छह विकेट से मिली जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है, इस हफ्ते मैच डरबन से जोहान्सबर्ग शिफ्ट हो रहे हैं। वर्मा की तरक्की से वेस्टइंडीज की कैप्टन हेली मैथ्यूज एक स्लॉट ऊपर चढ़कर तीसरे नम्बर पर आ गई हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में 33 बॉल में नाबाद 47 रन बनाए थे,

जिससे उन्हें दो स्लॉट ऊपर चढ़कर जॉइंट 11वें नम्बर पर जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कैप्टन लॉरा वोल्वार्ट अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा 105 रन बना चुकी हैं, उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। वह बैट्समैन में पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। लिस्ट में दूसरी रैंकिंग में एनेरी डर्कसेन और सुने लुस शामिल हैं। डर्कसेन अपने दूसरे मैच में नाबाद 44 रन बनाने के बाद 18 स्लॉट ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर आ गईं।

# RR का मुकाबला संघर्षरत लखनऊ से

**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2026 के इस जरूरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगी, और यह सही भी है। उनका क्रिकेट फीयरलेस यंग बैटिंग और एक बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक से चला है, जिसने अक्सर अच्छा परफॉर्म किया है।

दूसरी ओर, लखनऊ अपने होम ग्राउंड पर काफी प्रेशर में लौटा, लगातार निराशाजनक नतीजों के बाद रिदम और कंसिस्टेंसी की तलाश में। यह मुकाबला, कई मायनों में, स्टाइल में एक क्लासिक कंट्रास्ट है। एक तरफ राजस्थान का फीयरलेस यूथ-ड्रिवन अप्रोच है, और दूसरी तरफ लखनऊ, जो अपने सीजन को होम ग्राउंड पर और गहरे





संकट में जाने से रोकने की बहुत कोशिश कर रहा है। लखनऊ ने अब तक 6 मैचों में से सिर्फ 2 जीते हैं, और वे अभी तीन मैचों में हार का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। हालांकि कुछ इंडिविजुअल पल क्वालिटी के रहे हैं, लेकिन वे एक यूनिट के तौर पर पूरा परफॉर्मेंस नहीं दे पाए हैं। यही उनकी सबसे बड़ी चिंता रही है। वहीं, राजस्थान ने 6 मैचों में से 4 जीते हैं। भले ही उन्हें हाल ही में कुछ झटके लगे हों, लेकिन इस मैच में उनका ओवरऑल स्ट्रक्चर, बैलेंस और फॉर्म अभी भी अपने अपोनेंट्स से ज्यादा मजबूत दिख रहा है। लखनऊ के लिए, बैटिंग यूनिट सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने अच्छी शुरुआत दी है, लेकिन उस शुरुआत को बड़े, मैच जिताने वाले योगदान में नहीं बदला है।

निकोलस पूरन एक मुश्किल सीजन से गुजर रहे हैं, मिडिल ऑर्डर में टाइमिग और कंसिस्टेंसी के लिए संघा कर रहे हैं। कप्तान, ऋाभ पंत ने कुछ असरदार कैमियो के साथ इरादा दिखाया है, लेकिन एक कमांडिग पारी जो सच में टीम को संभाले, इस सीजन में अभी तक नहीं आई है।

मुकुल चौधरी और अब्दुल समद ने कभी-कभी योगदान दिया है, लेकिन उनमें भी कंसिस्टेंसी की कमी रही है। बॉलिंग डिपार्टमेंट में, मोहम्मद शमी अभी तक अपनी बेस्ट रिदम में नहीं आए हैं, जबकि आवेश खान इनकंसिस्टेंट रहे हैं। मणिमारन सिद्धार्थ और दिग्वेश राठी ने टुकड़ों में योगदान दिया है। हालांकि, प्रिंस यादव कंट्रोल और समय पर ब्रेकथ्रू के साथ सबसे अच्छे परफॉर्मर रहे हैं।

बैटिंग में और गहराई लाने के लिए आयुा बदोनी एक जरूरी ऑप्शन बने हुए हैं। इस बीच, राजस्थान को उनके टॉप ऑर्डर से अच्छा फायदा हुआ है। वैभव सूर्यवंशी एक असली ब्रेकआउट स्टार के तौर पर उभरे हैं, जो पूरी आजादी और अटैकिंग इरादे से खेल रहे हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल ने टॉप पर स्थिरता और मैच्योरिटी दी है। ध्रुव जुरेल नम्बर तीन की भूमिका में अच्छी तरह से जम गए हैं।

# बुमराह ने पहला ओवर फेंककर मुंबई में 'विश्वास जगाया'

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) को हराने से पहले मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2026 के जो पांच मैच खेले थे, उनमें उनके पहले ओवर दीपक चाहर (तीन बार) और ट्रेंट बोल्ट (दो बार) ने फेंके थे। एमआई ने उनमें से सिर्फ एक गेम जीता था और जसप्रीत बुमराह के नाम एक भी विकेट नहीं था। जिन तीन मौकों पर चाहर ने बॉलिंग की शुरुआत की थी,

उनमें बुमराह ने दूसरा ओवर फेंका था - और बाकी मौकों पर पांचवां और चौथा। अगर आप दूसरा ओवर नीचे भेजते हैं, तो आपको लगेगा कि यह अभी भी बॉलिंग की शुरुआत है, लेकिन आजकल टी-20 में ओवर अलग तरह से होते हैं। दूसरा ओवर पहले ओवर से काफी अलग होता है। यही बुमराह ने जीटी के खिलाफ किया, और बस! पहला विकेट।




बी साई सुदर्शन का। उनकी पहली ही गेंद पर। फाफ डू प्लेसिस के लिए यह मजाक करने के लिए काफी है: आपको लगता है कि यह अब बाकी मैचों में बार-बार होने वाली बात होगी। अभिनव मुकुंद ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो पर कहा कि (अगर बुमराह पहला ओवर फेंकते हैं) तो आप तीन दूसरे पेस-बॉलिंग ऑप्शन के साथ, पावरप्ले स्पेशलिस्ट को रखने का जोखिम उठा सकते हैं। उन्होंने बोल्ट को ट्राई किया। उन्होंने चाहर को ट्राई किया। और 2022 के बाद पहली बार, जसप्रीत बुमराह को पहला ओवर फेंकने को मिला, और तब नहीं जब टीमें बिना किसी नुकसान के 40, बिना किसी नुकसान के 50, बिना किसी नुकसान के 60 रन पर हों। पूरे सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ को छोड़कर) हर बार जब वह बॉलिंग करने आए हैं, तो कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस मौके पर, यह 0 पर 0 था, वह अंदर आते हैं, और फिर अचानक वह स्ट्राइक करते हैं और आप एक अंतर देखते हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि पहले ओवर का विकेट गेम का टर्निंग पॉइंट था, लेकिन मैं बस यह कह रहा हूं कि गुजरात टाइटन्स जैसी टीम के खिलाफ ऐसा करना, जो बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ इतनी अच्छी नहीं है - इसलिए आपने दो स्पिनरों के साथ जाने का फैसला किया - इस गेम के लिए एक तरह से फायदेमंद रहा।

# आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स को मंगलवार (21 अप्रैल) को बड़ा झटका लगा जब आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए।

सीएसके ने कन्फर्म किया है कि 18 साल के इस खिलाड़ी की चोट के लिए 6-12 हफ्ते के रिहैबिलिटेशन पीरियड की जरूरत होगी, जिससे वह कॉम्पिटिशन से बाहर हो गए हैं। 18 अप्रैल को हैदराबाद में एसआरएच के खिलाफ बैटिंग करते समय दूसरा रन लेने की को. शिश में इस युवा खिलाड़ी को अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी हुई देखी गई। आउट होने से पहले उन्हें मैदान पर कुछ बार ध्यान देने की जरूरत पड़ी, और वापस आते समय, रामकृण घो और फिजियो टॉमी सिमसेक ने उन्हें मैदान से बाहर जाने में मदद की। इसके बाद सोमवार को बैटर का स्कैन हुआ ताकि यह पता चल सके कि उसकी चोट कितनी गंभीर है।




म्हात्रे की गैरमौजूदगी में सीएसके की संभावनाओं को बहुत नुकसान होगा क्योंकि पांच बार की चैंपियन टीम पहले से ही टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए संघा कर रही है। अपने पहले तीन गेम हारने के बाद, सीएसके ने अगले दो गेम जीते और हाल ही में हैदराबाद में हार गई। म्हात्रे अब तक 177-87 के शानदार स्ट्राइक रेट से उनके टॉप स्कोरर रहे हैं। सीएसके को कुछ दिन पहले ही एक झटका लगा था जब सीमर खलील अहमद टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाथन एलिस को भी चोट के कारण खो दिया था और डेवाल्ड ब्रेविस भी शुरुआती गेम में नहीं खेले थे। अनुभवी एमएस धोनी अभी तक खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं और अब उनकी फिटनेस के आधार पर वे प्लेइंग एक्सआइआइ में आने के दावेदारों में से एक होंगे।

# अल्काराज, सबालेंका ने लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स में टॉप अवॉर्ड जीते

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को सोमवार रात 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स में वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। अल्काराज ने साइकिलिस्ट तादेज पोगाकर, जिन्होंने 2025 में अपना चौथा टूर डी फ्रांस जीता था, और कई दूसरी रेस जीती थीं,

और अपने मुख्य टेनिस राइवल, जानिक सिनर जैसे कैंडिडेट्स को हराया। टेनिस को एक और कामयाबी तब मिली जब आर्यना सबालेंका को वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर चुना गया। उन्होंने कहा, इस समय स्पोर्ट्स में बहुत सारी मजबूत, महान और इंस्पायरिग महिलाएं हैं, उन्होंने एक ऐसे कमरे में शुक्रिया अदा किया जहां 'बहुत सारे स्टार्स' थे। यह सेरेमनी लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई, जिसमें टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच और








चीनी फ्रीस्टाइल स्कीयर गु ऐलिंग प्रेजेंटिंग ड्यूटी पर थे। गु ने अपनी नई भूमिका की तुलना स्कीइंग से करते हुए कहा कि दोनों से उनके पेट में 'तितलियां' दौड़ जाती हैं। एफसी बार्सिलोना के स्पेन इंटरनेशनल खिलाड़ी लैमिन यामल को वर्ल्ड यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर चुना गया, गु ने अपनी जीत का एक कारण यह बताया कि उनका 'पूरी पीढ़ी पर' असर पड़ा है। यामल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इससे मुझे आगे बढ़ने में मदद मिलेगी, क्योंकि अभी लंबा रास्ता तय करना है। एक और फुटबॉल जीत हुई जब यूरोपियन चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन को लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला।

# तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं: हार्दिक

**अहमदाबाद, वार्ता।** अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) पर मिली जीत को मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने 'टीम के लिए बहुत जरूरी' बताया। हार्दिक ने गेंद से जॉस बटलर को आउट किया और इससे पहले तिलक वर्मा के साथ 81 रनों की साझेदारी भी की। इससे आईपीएल 2026 में उनके लगातार चार हार का सिलसिला भी टूट गया।

तिलक इस मैच के सबसे बड़े सितारे रहे। उनकी 45 गेंदों में नाबाद 101 रन की पारी ने एमआई को आखिरी चार ओवरों में 73 रन बनाने में मदद की और उन्होंने जीटी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। हार्दिक ने मैच के बाद ब्रॉडकास्ट




पर बात करते हुए कहा कि तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं उन्हें बस यही कहता रहा कि गेंद को देखो और मारो, क्योंकि मुझे सच में लगता है कि उनके बल्ले से गेंद जिस तरह निकलती है, वह बहुत खास है। समय आ गया था कि वह आकर प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि मैं डगआउट में इतना जोर से चिल्लाया कि मुझे थोड़ा चक्कर आ गया। लेकिन यह टीम के लिए जरूरी था, तिलक के लिए जरूरी था, मुंबई इंडियंस के लिए जरूरी था। एक कप्तान के तौर पर भी मुझे उस तरह की ऊर्जा चाहिए थी ताकि चीजें बदली जा सकें। इन शानदार शॉट्स के बाद, अब बारी थी जसप्रीत बुमराह की। उन्होंने 2022 के बाद पहली बार आईपीएल में गेंदबाजी की शुरुआत की और पहली ही गेंद पर बी साई सुदर्शन को आउट कर दिया।हार्दिक ने कहा कि जसप्रीत बुमराह इतने खास हैं कि आप उन्हें वहीं इस्तेमाल करते हैं, जहां टीम को उनकी जरूरत है। आज हमने सोचा कि नई गेंद से असर डालना है और उनसे बेहतर कोई नहीं है। बुमराह शायद ही कभी पहला ओवर डालते हैं। यह 151 आईपीएल मैचों में सातवीं और कुल मिलाकर 276 टी-20 मैचों में 16वीं बार था, जब उन्होंने ऐसा किया। उन्होंने गेंदबाजी की शुरुआत इसलिए की क्योंकि एमआई नई गेंद से असर डालना चाहती थी।

# नवांगतुक जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

## केन्द्र व राज्य सरकार के जनपद में चल रहे प्रोजेक्ट समयबद्धता से होंगे पूरे: अरविन्द चौहान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नवागत जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने मंगलवार को कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया।

अरविंद कुमार चौहान वर्ष 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के आईएएस अधिकारी है। इससे पूर्व वह जिलाधिकारी शामली, मुख्य विकास अधिकारी बहराईच, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, समाज कल्याण विभाग में विशेष सचिव, यूपी बिल्डिंग एण्ड अदर कन्स्ट्रक्शन वर्कर वेलफेयर बोर्ड में सचिव, मिर्जापुर और आजमगढ में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि शासन की मंशा के अनुसार समस्या का समाधान संबंधित स्तर पर ही कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश और भारत सरकार के जो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जनपद में चल रहे हैं उनको समयबद्धता से पूर्ण कराया जाएगा। जन शिकायतों का समयबद्ध प्रभावी निस्तारण को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी तरह धरातल पर उतारा जाएगा। प्रत्येक पात्र को लोककल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर एक प्रगतिशील जिला है, इसको हम मिलकर और ज्यादा प्रगति के पथ पर लेकर जाएंगे।

कार्यभार ग्रहण करते समय मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार एवं कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चार्ज संभालने से पहले मां शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नवागंतुक जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने पद भार गृहण करने से पूर्व सिद्धपीठ शाकंभरी देवी दर्शन कर आशीर्वाद लिया मातारानी के दर्शन के बाद ही उन्होंने जिला मुख्यालय पहुंचकर पद भार गृहण किया।

मंगलवार को सहारनपुर के नवागंतुक जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान सीधे जनपद शामली से अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के साथ सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर पहुंच कर मां भवानी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। इससे पहले उन्होंने बाबा भूरादेव मंदिर में पहुंच कर दर्शन किए। दर्शन करने बाद जिलाधिकारी अरविन्द सिंह चौहान का सिद्धपीठ शाकंभरी देवी मंदिर प्रबंधक आदित्य प्रताप कुंवर अतुल्य प्रताप राणा ने अपने कार्यालय मे उनका फूल मालाएं डालकर स्वागत किया गया और उनको शाकंभरी देवी का चित्र भेंट किया गया। दर्शन करने के बाद जिलाधिकारी जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पद भार गृहण किया। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व शासन ने डीएम मनीष बंसल का तबादला आगरा किया गया था और शामली के डीएम अरविंद कुमार चौहान को सहारनपुर का जिलाधिकारी बनाया गया था। इस मौके पर नायाब तहसीलदार देवेन्द्र कुमार प्रजापति थाना प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर सूबे सिंह आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जयन्त चौधरी के विचारों को सुनने भारी तादाद में पहुंचें: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि जयंत चौधरी 2027 में रालोद की नैय्या को पार करेंगे।

चौ.नीरपाल सिंह हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल मिशन 2027 फतेह की तैयारी में जुट गया है। जिसके तहत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी 25 अप्रैल को सिवालखास के इकड़ी गांव में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और 2 मई को गुरुकुल नारसन के गांव हरजौली जट्ट उत्तराखंड में विशाल रैली के माध्यम से शंखनाद करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने नेता जयंत चौधरी के आगमन पर जबरदस्त स्वागत की तैयारी करें। राष्ट्रीय लोकदल 2027 में बहुत बड़ी ताकत बनेगा।फिर से राष्ट्रीय लोकदल का चौधरी चरण सिंह वाला दौर आयेगा। खेल प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष शारिक चौधरी ने कहा कि रालोद कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह युग लाकर ही चौन से बैठेंगे।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, राजदीप ढाका, नितिन कुमार, आरिफ चौधरी, विवेक पंवार, रोहित राणा उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने की चैंबर व पार्किंग की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं के लिए सिविल कोर्ट परिसर में चैम्बर निर्माण एवं पार्किंग बनवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

महासचिव पालम राणा एडवोकेट के नेतृत्व में कहा गया कि सहारनपुर सिविल कोर्ट न्यायालय में लगभग 2,600 अधिवक्ता कार्यरत है। न्यायालय परिसर में मात्र लगभग 50 पक्के चैम्बर्स बने हुए हैं। इनके अलावा सभी अधिवक्ता टिन शैड के बनाये गये चौम्बर्स में बैठकर अपना विधि व्यवसाय करते हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद के आस पास स्थित जनपदों मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, शामली आदि जिलों में अधिवक्ताओं के लिए बहुमंजिली इमारतें बनाकर चैम्बर्स आवंटित किये गये हैं टिन शैड के चैम्बर्स की व्यवस्था से अधिवक्ताओं को मुक्ति मिली है।

ज्ञापन देने वालो में चौ रणधीर सिंह एडवोकेट, अशोक पुण्डीर एडवोकेट, सतीश चौधरी सहजवा एडवोकेट, जमाल साबरी एडवोकेट ,राकेश त्यागी एडवोकेट, अरुण चौधरी एडवोकेट, कादिर राणा एडवोकेट, अनिता शर्मा एडवोकेट, ऐजाज एडवोकेट, राव फैसल एडवोकेट, जुबैर अली एडवोकेट, सुमित कटारिया एडवोकेट, मौ बिलाल एडवोकेट, अरविन्द कुमार एडवोकेट, सरफराज अहमद एडवोकेट, नियाज हुसैन एडवोकेट, सौरभ कुमार एडवोकेट, पंकज कुमार एडवोकेट, अरुण कुमार शर्मा एडवोकेट, संदीप पंवार एडवोकेट, प्रवीण कुमार एडवोकेट,सतेंद्र कुमार एडवोकेट,प्रीतम सिंह एडवोकेट,आदि अधिवक्तागण शामिल रहे।

## तोल केन्द्र का शुभारंभ

**गंगोह।** क्रय विक्रय सहकारी समिति गंगोह के सरकारी गेंहु तोल केंद्र का आज से शुभारम्भ हो गया है।

अनाज मंडी में नवीन सैनी डायरेक्टर क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा तोल कार्य की शुरूआत कराकर शुभारंभ किया गया। नवीन सैनी ने विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अपना अनाज बेचने में किसी तरह की भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस दौरान अश्वनी, विपुल, दीपक, सचिव वीरेंद्र चौधरी, आंकिक, अमित कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पार्षदों ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जन्म मृत्यु के जोनल ऑफिस को लेकर सर्वदलीय पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।



प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करते हुए वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि नगर निगम द्वारा जन्म मृत्यु विभाग को नगर में स्थित वार्डो को तीन जोनल में बांटने का काम किया जिसमें मुस्लिम इलाके के जितने भी वार्ड है सभी को दिल्ली रोड पर मनोहरपुर जोन ऑफिस बनाकर उसमें शिफ्ट कर दिया गया जिससे पार्षदों के साथ-साथ आम नागरिकों को अत्यधिक परेशानी हो रही है और पिछले लगभग चार या पांच माह से जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। टिंकू अरोडा ने दूरभाष पर नगर आयुक्त से भी वार्ता की। नगर आयुक्त द्वारा आश्वासन दिया गया की सबसे वार्ता कर नए जॉन में उन्हें शिफ्ट किया जाएगा।

इस मौके पर पार्षद हाजी गुलशेर, पार्षद हाजी नूरआलम, पार्षद फराज अंसारी, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद रजीव अन्नू, पार्षद अब्दुल खालिक, पार्षद नितिन जाटव आदि पार्षद मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अपने ही दोस्त के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

ज्ञात हो कि विगत 18 अप्रैल 2026 को ग्राम अबदुल्लापुर अहाडी में सोनू पुत्र अनिल आग लगने से झुलस गया था। सूचना पाकर तुंरन्त मौके पर पहुंची डायल 112 व स्थानीय पुलिस टीम ने घायल सोनू को उपचार के लिए पिलखनी अस्पताल में भिजवाया था। 19 अप्रैल को घायल के भाई जोनी पुत्र अनिल की तहरीर पर सोनू के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की नीयत से पैट्रोल डालकर आग लगा देने के सम्बन्ध में पीड़ित सोनू के ही एक दोस्त आरोपी सौरभ पुत्र जसवीर उर्फ जग्गा निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद से ही पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी।

# जेईई मेन्स में आकाश इंस्टीट्यूट के 5 छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के छात्रों ने जेईई मेन्स में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत तैयारी और शैक्षणिक निरंतरता को साबित किया है।

आकाश इंस्टिट्यूट के 5 छात्रों ने 99 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। इनमें दिव्यांशी खुराना ने 99.84 प्रतिशत के साथ टॉप किया। उनके अलावा संयम गुप्ता ने 99.75, देवांश गोयल ने 99.59, ईशान सिंह ने 99.52 और यशस्वी सिंह ने 99.17 प्रतिशत प्राप्त किए।



रीजनल डायरेक्टर डी. के. मिश्रा ने कहा सहारनपुर के छात्रों की सफलता उनकी पढ़ाई के प्रति समर्पण और आकाश के मजबूत लर्निंग सिस्टम को दर्शाती है।

## गुमशुदा युवती सकुशल बरामद

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम में गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया है। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

दो दिन पूर्व 20 अप्रैल को पीड़ित द्वारा थाना पर तहरीर देकर बताया गया कि पीड़ित की 22 वर्षीय बहन 19 अप्रैल को शाम के समय करीब 6:00 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गयी है। थाना प्रभारी द्वारा पीड़ित की तहरीर पर तत्काल संज्ञान लेते हुए गुमशुदा युवती की बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा की तलाश आरम्भ कर दी गई। मात्र लगभग 24 घण्टे बाद गुमशुदा युवती को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया। गुमशुदा युवती से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि परिजनो ने उसे किसी बात को लेकर डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर वह घर से चली गयी थी। गुमशुदा की सकुशल बरामदगी को लेकर परिजनों ने पुलिस टीम की कार्यशैली की प्रसंशा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

## दुष्कर्म का वांछित दबोचा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

24 मार्च को वादिया श्रीमती गीता पत्नी नोरतू निवासी पुष्पांज. लि विहार जनता रोड थाना जनकपुरी ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरा. पी नीरज पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम बहादरपुर थाना देवबंद व अन्य द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ शारीरिक सम्बंध बनाकर तथा घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने वादिया की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# शिक्षकों से रणनीति पर परिचर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एनपीआरसी शेखपुरा कदीम के प्राथमिक विद्यालय घोघरेकी में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह ने शिक्षकों को मासिक बैठक के एजेंडे के अनुसार स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों को आयोजित करने हेतु शिक्षकों से रणनीति पर चर्चा परिचर्चा के माध्यम से शैक्षिक कैलेंडर,ड्रॉप आउट एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों का शत- प्रतिशत नामांकन कराने पर चर्चा की। विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। बैठक में शशिकांत प्रसाद सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा दिव्यांग बच्चों के सर्वे, नामांकन, उपस्थिति एवं विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए सभी शिक्षकों से बच्चों का नामांकन करने हेतु अनुरोध किया गया।

बैठक में राम नरेश, ब्रह्मपाल, विकास मित्तल, श्रीमती सुमन एवं एनपीआरसी के विभिन्न शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। बैठक का संचालन चांद मियां अंसारी ने किया।

# गन्ना किसानों के संपर्क में रहें: वी.बी.सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मण्डल के गन्ने विभाग के नोडल अधिकारी ओर अपर गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश डॉ वी.बी. सिंह ने सभी विभागीय ओर चीनी मीलों के अधिकारियों को निर्देश दिये वह लगातार फील्ड विजिट करते हुए सभी गन्ना किसानों के साथ सम्पर्क करते रहें।



अपर गन्ना आयुक्त मंडल की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि गन्ने विभाग ओर चीनी मीलों के गोदामों पर पर्याप्त मात्रा में दवाई उर्वरक ओर कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित रहे किसी भी किसान को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। किसानों की मांग पर फार्म मशीनरी बैंक से यंत्र भी नियमानुसार दिए जाएं।

इससे पूर्व उन्होंने मंडल के तीनो जनपदों में खेतों पर स्वयं भी निरीक्षण किया जिसमें चीनी मिल क्षेत्र तितावी, जिला-मुजफ्फरनगर के ग्राम लकडसधा में गन्ना बुआई का निरीक्षण किया। जिसके बाद नोडल अधिकारी द्वारा चीनी मिल क्षेत्र देवबन्द, के ग्राम साखनखुर्द में गन्ना बुआई का निरीक्षण किया।

बैठक में उप गन्ना आयुक्त ओ पी सिंह, डीसीओ मुजफ्फरनगर संजय सिसोदिया, डीसीओ सहारनपुर सुशील कुमार, डीसीओ शामली रणजीत सिंह कुशवाहा सहित सहारनपुर मण्डल के समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समस्त सचिव प्रभारी, ओर समस्त चीनी मीलों के महाप्र. बंधक गन्ना उपस्थित रहे।

# एनएचएम कर्मियों ने रखी अपनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वास्थ्य विभाग की मंडल स्तरीय जीआरसी मीटिंग मे एनएचएम कर्मियों ने अपनी समस्याएं रखी।



नेहरू मार्किट स्थित अपर निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय मे अपर निद. ेशक, चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा कुमुद रानी के समक्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की मंडलीय अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, मंडल अध्यक्ष उ प्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ डा किशोर सैनी, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई एनएचएम, रंजीत कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाई एनएचएम सहारनपुर डीपीएम मौ खालिद, मुजफरनगर डीपीएम विपिन कुमार, शामली डीपीएम आशुतोष के अलावा मुजफर नगर के जिलाध्यक्ष डा सचिन जैन, कोषाध्यक्ष डा फैसल सिद्दीकी, शुभम माणिक,आशा संघ की मुजफरनगर की जिलाध्यक्ष निर्मला, मुजफरनगर से डा राहुल वर्मा, सहारनपुर से डा विश्वजीत सैनी एवं डा विनय कुमार ने अपनी समस्याओं को रखा।

एन एच एम संघ के मंडल अध्यक्षों एम पी सिंह चावला, डा राजीव सैनी एवं जिला अध्यक्ष किशोर सैनी ने संयुक्त रुप से पांच समस्यायें रखी जिनमे पहली सभी एन एचम कर्मियों के वैतन भुगतान ससमय हो जो फिलहाल भी पिछले वित्तीय वर्ष मार्च 26 से अब तक नहीँ मिला, दूसरा जो एन एच एम संविदा कर्मियों इ पी एफ के दायरे मे आते है उन्हें इपीएफ का लाभ मिले, तीसरा एन एच एम संविदा कर्मियों की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रितो को नौकरी मिल।

अपर निदेशक महोदया के निर्देश पर मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक रंजीत कुमार द्वारा डिवीजनल अकाउंट मैनेजर चंदन त्रिपाठी से दूरभाष पर वार्ता भी की और दोनों एन एच एम कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्षों से उनकी वार्ता भी करवाई एवं उन्होंने अगले सप्ताह तक वेतन जारी करने की बात कही।

## बाइक बरामद

**गंगोह।** बालाजी धाम मंदिर के बाहर से 4 अप्रेल को मिनाक्षी पुत्री सत्यपाल की हीरो स्पेलेण्डर मोटर साईकिल चोरी चली गई थी। जिसकी अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट वादिया मिनाक्षी ने कोतवाली में दर्ज करादी थी।

पुलिस लगातार बाईक की तलास में लगी हुई थी। मंगलवार को पुलिस ने गणेश शंकर विद्यार्थी तिराहे से एक व्यक्ति को बुडढाखेडा रोड पर जाते हुए पकड लिया। उसके पास से चोरी की मोटरसाईकिल व एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी सारिक उर्फ कैथा पुत्र अख्तर निवासी मौहल्ला इलाहीबख्श के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी शुरु करदी है। आरोपी साकिर शातिर किस्म का अपराधी बताया जाता है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में दस से ज्यादा अपराधिक मुकदमें दर्ज है।

# भागवत कथा का श्रवण करें:त्रिदंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बक्सर से आए हुए श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने से पूर्वजो की मुक्ति होती है और उन्हें वैकुण्ठ लोक की प्राप्ति होती है।



मल्हीपुर रोड स्थित आर्य सिटी में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं अष्टादश महापुराण का पारायण एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में चतुर्थ दिवस पर आज कथा मे व्यास जी ने बताया कि मनुष्य योनि बडे पुण्य से प्राप्त होती है अत: मनुष्यो को अपने जीवन में पुण्यकर्म और धर्म करना चाहिये। श्रीमद भागवत में प्रभु के भक्तो का प्रसंग सुनाकर माताओं, बहनों और भक्तो को आत्म विभोर कर मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रहलाद और ध्रुव चरित्र सुनाकर महाराज ने भक्तो को तपस्या का महत्व बताया।

यज्ञाचार्य आचार्य पंडित अमित भारद्वाज ने वैदिक विधान के द्वारा मंडप पूजन यज्ञ कराया। शुभ संकल्पकर्ता आचार्य अरुण चंद्र शर्मा ने सभी भक्तों से कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण आत्मा की शुद्धि, मानसिक शांति और प्रभु भक्ति का सुअवसर है।

प्रात: काल केपी सिंह, सोनू पवार, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र चौधरी, हेमंत भारद्वाज, अरुण चंद शर्मा, संदीप पवार, राजकुमार चौधरी, अभिषेक त्यागी, सतीश त्यागी, रविंद्र मित्तल, नितिन गुप्ता, कटार सिंह, अनिल गर्ग, अजय कुमार, हरिशंकर शर्मा, सुमित चौधरी आदि पूजन में मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 22 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता पर संशय खत्म

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की शांति वार्ता फेल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनातनी और बढ़ गई है, लेकिन इस बीच अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगले दो दिनों में ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत हो सकती है और इन वार्ताओं के लिए पाकिस्तान फिर से संभावित स्थान हो सकता है। ट्रम्प के दावों के बीच अमेरिका मीडिया ने दावा किया है कि जेडी बैंस अभी अमेरिका में ही हैं और उनका पाकिस्तान जाना संभव नहीं है। पहले दौर की वार्ता के बाद जेडी बैंस अमेरिका लौट गए थे और उन्होंने कहा था कि युद्ध की धमकी के बाद फिर से वार्ता करने का कोई मतलब नहीं है। जिस यूरेनियम को लेकर अमेरिका भड़का और उसने इजरायल को ईरान से युद्ध के लिए भड़काया, अब वही अमेरिका वार्ता का दबाव बना रहा है, हालांकि ईरान ने साफ कर ि दया है कि जब तक अमेरिका उसकी बात नहीं मानता, तब तक वार्ता का कोई औचित्य नहीं है। ईरान का यह कहना था कि अमेरिका पहले होर्मुज से अपनी नाकाबंदी हटाए, तभी वार्ता संभव है। इसी से समझ में आता है कि न तो अमेरिका ने नाकाबंदी हटाई है और न ही ईरान वार्ता के लिए तैयार है। हालांकि अमेरिका और ईरान दोनों देशों को होर्मुज से अपनी-अपनी दावेदारी हटा देनी चाहिए, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर भारी सस्पेंस बना हुआ है और तनाव बढ़ गया है। 21 अप्रैल 2026 तक की स्थिति के अनुसार ईरान ने अमे. रिका के साथ दूसरे दौर की बातचीत से इन्कार कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर संघर्षविराम के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत की कोशिशें हो रही थीं, लेकिन ईरान ने इसे ठुकरा दिया। 22 अप्रैल 2026 को समाप्त होने वाले दो सप्ताह के नाजुक सीजफायर पर अब बड़ा खतरा मंडरा रहा है। वार्ता में मुख्य अड़ंगा यूरेनियम एनरिचमेंट को लेकर है। अमेरिका चाहता है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करे, जबकि ईरान ने 5 साल तक रोकने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अमेरिका ने ठुकराकर 20 साल तक रोकने की मांग की है। ईरान ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों को समुद्री डकैती करार दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी जहाजों को रोकने के जवाब में जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले इस्लामाबाद में हुई लंबी वार्ता किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी थी, क्योंकि परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों में राहत जैसे मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई थी। वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने के बजाय और गहरा गया है।

## संसद की गरिमा आहत हुई



राष्ट्र संबोधन में पीएम ने सांसदों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे संसद की गरिमा आहत हुई, यह लो. कतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है, खासकर 131वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा के बाद, यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है, लोकसभा अध्यक्ष मामले में तुरंत कार्रवाई करें, सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो, यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

-केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस सांसद

# धधकती धरती : विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन



योगेश कुमार गोयल



धरती आज केवल गर्म नहीं हो रही, वह मानो भीतर ही भीतर धधक रही है और यह आग प्राकृतिक नहीं, मानवीय लालसाओं की उपज है। हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पृथ्वी दिवस' मानव सभ्यता के सामने खड़े उस गहन संकट की चेतावनी है, जिसे हमने स्वयं अपने हाथों से जन्म दिया है। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक मंचों (दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन) में वर्षों से चिंतन, विमर्श और संकल्पों की पुनरावृत्ति होती रही है किन्तु धरातल पर परिवर्तन नगण्य है। विकास की परिभाषा जब केवल आर्थिक वृद्धि, उपभोग और संसाधनों के अधिकतम दोहन तक सीमित हो जाए तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ना अपरिहार्य हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकृति अपने विकराल रूप के माध्यम से लगातार संकेत दे रही है कि संतुलन की सीमा लांघी जा चुकी है। कहीं भीषण सूखा, कहीं अनियंत्रित वर्षा, कहीं असामान्य ठंड और कहीं प्रचंड गर्मी, मौसम अब अनुमान का विषय नहीं रहा। उत्तरी ध्रुव के तापमान में असामान्य वृद्धि और पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती गर्माहट इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करती है।

विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ए सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी।

यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं बल्कि उस असंतुलन की सजीव अभिव्यक्ति है, जिसे हमने तथाकथित विकास के नाम पर जन्म दिया है। वनों की अंधाधुंध कटाई ने न केवल जैव विविधता को संकट में डाला है बल्कि कार्बन संत. ुलन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। सवाल है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल और डीजल आधारित ऊर्जा स्रोतों ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर इतना बढ़ा दिया है कि पृथ्वी की तापीय संत. ुलन प्रणाली चरमराने लगी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

धरती के बढ़ते तापमान का प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मानव अस्तित्व के लिए भी चुनौती बन चुका है। ध्रुवीय क्षेत्रों में तेजी से पिघलती बर्फ समुद्र के जलस्तर को बढ़ा रही है, जिससे विश्व के कई तटीय शहरों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। आने वाले दशकों में तापमान में संभावित 4-5 डिग्री की वृद्धि न केवल जंगलों में आग की घटनाओं को बढ़ाएगी बल्कि विशाल भूभाग को सूखे और मरुस्थलीकरण की ओर धकेल देगी। यह परिदृश्य कोई भविष्यवाणी नहीं बल्कि वर्तमान संकेतों का तार्किक विस्तार है। इस संकट के मूल में केवल औद्योगिक गतिविधियां ही नहीं, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि और उपभोगवादी जीवनशैली भी प्रमुख कारण हैं। बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं ने प्राकृतिक संसाधनों पर असहनीय दबाव डाला है। पृथ्वी का क्षेत्रफल सीमित है लेकिन मानव की इच्छाएं असीमित। यही असंतुलन आज वैश्विक पर्यावरणीय संकट का मूल कारण बन चुका है। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो पृथ्वी भविष्य में 'आग का गोला' बन सकती है, केवल एक वैज्ञानिक टिप्पणी नहीं बल्कि गंभीर भविष्यसूचक संकेत है।

अब प्रश्न यह नहीं कि संकट है या नहीं बल्कि यह है कि क्या हम इसे स्वीकार कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने को तैयार हैं? पृथ्वी दिवस हमें केवल जागरूकता का संदेश नहीं देता बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी प्रदान करता है। आवश्यकता इस बात की है कि विकास की अवधारणा को पुनर्परिभाषित किया जाए, जहां आर्थिक उन्नति के साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व मिले। नवीकरणीय ऊर्जा, वनीकरण, जल संरक्षण और सतत विकास की नीतियां अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुकी हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां हमें उस पीढ़ी के रूप में याद करेंगी, जिसने अपनी सुविधाओं के लिए पूरी पृथ्वी को संकट में डाल दिया। धरती हमारी विरासत नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों से लिया गया उधार है और इस उधार को सुरक्षित लौटाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# योग व आयुर्वेद से मधुमेह नियंत्रण पर लगी विज्ञान की मुहर

**अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है।**



आचार्य बालकृष्ण

डायबिटीज के इलाज को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध ने एक क्रांति को जन्म दिया है। जो वैश्विक स्तर पर लंबे समय से टाइप-1 डायबिटीज के मुख्य उपचार इंसुलिन थेरेपी को लेकर नजरिया बदलने को मजबूर कर देगा। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है। शोध में यह भी साबित किया है कि योग-प्रणायाम आदि को अपनाने से मरीजों के शुगर नियंत्रण, तनाव स्तर और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया।

शोध अध्ययन में लगभग 612 शोध पत्रों का विश्लेषण किया गया। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने लीड किया है। इस शोध ने यह भी प्रमाणित किया है कि पतंजलि वेलनेस का वह मॉडल है, जिससे करोड़ों मरीज पहले से लाभ उठा रहे हैं और अब विज्ञान भी इसे सार्थक बता रहा है।

### शोध में चौंकाने वाले तथ्य

टाइप 1 डायबिटीज मेलिटस (टीवनडीएम) जिसे पहले जुवेनाइल डायबिटीज कहा जाता था, एक दीर्घकालिक जीवनशैली संबंधी रोग है। इसमें अग्न्याशय (पैंक्रियाज) की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं का नाश हो जाता है, जिससे शरीर में इंसुलिन की पूर्ण कमी हो जाती है और रक्त शर्करा (ब्लड ग्लूकोज) का स्तर अनियंत्रित हो जाता है। कुछ मामलों में अग्न्याशय से संबंधित ऑटोएंटीबॉडी कम मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इसे इडियोपैथिक T1b डायबिटीज भी कहा जाता है। विश्व में हर पांच में से एक बच्चा, जिसे टीवनडीएम होता है, भारतीय मूल का होता है। यह रोग आमतौर पर बचपन या किशोरावस्था में शुरू होता है, लेकिन वयस्कों में भी हो सकता है, जहां इसके लक्षण धीरे-धीरे और हल्के होते हैं। हर साल लगभग 65,000 बच्चों में इसका निदान होता है और इसकी दर हर साल लगभग 3 प्रतिशत बढ़ रही है।

### शोध को चार मुख्य विषयों में बांटा

शोध को मजबूत मानकों पर जांचा गया। शोध का निष्कर्ष निकालने से पहले उसे चार मानकों पर कसा गया। इसमें क्लिनिकल उपचार, योग और वैकल्पिक चिकित्सा, आयुर्वेद और भारत केन्द्रित दृष्टिकोण और व्यायाम और ग्लूकोज नियंत्रण।

### रिसर्च में इनका विशेष योगदान

इस शोध में पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड, डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड एप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैज्ञानिक जया उप्रेती, मुस्कान चौहान, मयूर चौहान, प्रशांत कटियार, अनुराग डाबस और वेद प्रिया आर्य का विशेष योगदान रहा। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में किया गया। उनकी भूमिका इसमें सबसे अहम रही।

**कोट**- टाइप वन मधुमेह पर आई नई रिसर्च ने यह साबित कर दिया है कि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी जैसी इंट्रीग्रेटेड थरेपी मरीजों के लिए बेहद मददगार है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने इस ओर बड़ा पुरुषार्थ किया है। इतना ही नहीं एकीकृत इलाज से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर दिखा है। अब दुनिया भर में इस विषय पर शोध तेजी से बढ़ रही है और भारत ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। पतंजलि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी के जरिए मधुमेह सहित कई जटिल और असाध्य रोगों को लगातार अपने वैज्ञानिक और साक्ष्य आधारित प्रमाणों के साथ शोध कर रहा है।

**(लेखक पतंजलि योगपीठ के महामंत्री हैं)**

# दुनिया के 15 सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल जहां कर सकते हैं एंजॉय

दुनिया भर में प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरो. हरों से भरपूर अनगिनत स्थल हैं, जो यात्रा प्रेमियों के दिलों को आकर्षित करते हैं। इन स्थानों पर यात्रा करने से न केवल आत्मा को शांति मिलती है, बल्कि ये स्थान हमें प्रकृति की सुंदरता और मानव सभ्यता के अद्भुत रचनात्मकता का भी अहसास कराते हैं। इस लेख में हम दुनिया के उन 15 सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों के बारे में बात करेंगे, जो अपने आकर्षण, सांस्कृतिक धरोहर, और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं।

**स्विट्जरलैंड - ज्यूरिक और इंटरलाकेन**

स्विट्जरलैंड, दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक है, जहां बर्फ से ढके पहाड़, हरियाली से भरपूर घाटियां, और झीलों की सुंदरता पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। विशेष रूप से इंटरलाकेन और ज्यूरिक शहरों को स्विट्जरलैंड के पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिली है। इंटरलाकेन, दो झीलों के बीच स्थित है, और यह पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, और पैराग्लाइडिंग के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, ज्यूरिक एक ऐतिहा. सिक शहर है, जहां आपको मध्यकालीन इमारतें और आधु. निक वास्तुकला का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है।

**मालदीव**

मालदीव का नाम आते ही हमारे दिमाग में एक तस्वीर बनती है नीले पानी में लहराते सफेद रेतीले किनारे, लक्जरी रिसॉर्ट्स और शानदार समुद्र तट। यह द्वीपसमूह अपने खूबसूरत समुद्र तटों, शान्त वातावरण, और शानदार रिसॉर्ट्स के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यदि आप एक ऐसी जगह की तलाश में हैं जहां आप समुद्र के नीले पानी में तैर सकें और समुद्र के नीचे की जादुई दुनिया का अनुभव कर सकें, तो मालदीव एक आदर्श गंतव्य है।

**पेरू - माचू पिचू**

माचू पिचू, पेरू के एंडीज पर्वतों में स्थित एक प्राचीन इंका शहर है, जो अब विश्व धरोहर स्थल के रूप में UNESCO द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह स्थल एक असाधारण पुरातात्विक धरोहर है, जो न केवल अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां की भव्यता और शांति भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। माचू पिचू को देखने के लिए यात्रा करना एक अद्वितीय अनुभव है। यहां से दृश्य अद्भुत होते हैं, और यहां का वातावरण यात्रियों को प्राचीन काल में खो जाने का अहसास कराता है।

**फ्रांस - पेरिस**

पेरिस, जिसे श्रोमांस और संस्कृति की राजधानीश भी कहा जाता है, दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। पेरिस का सबसे प्रसिद्ध स्थल एर्पामिस ज्वूमत है, जो न केवल एक विश्व धरोहर है, बल्कि एक प्रतीक है जो पेरिस की खूबसूरती और भव्यता को दर्शाता है। यहां के ऐतिहासिक संग्रहालय, जैसे लूव्र म्यूजियम, सांसी-लॉरेन, और नोट्रे डेम कैथेड्रल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण हैं। पेरिस की सड़कों पर चलना, यहां के कैफे में बैठना, और फेंच व्यंजनों का स्वाद लेना किसी भी यात्रा प्रेमी का सपना होता है।

**आइसलैंड-ब्लू लैगून**

आइसलैंड के जलवायु और अद्वितीय भौगोलिक संरचना ने इस देश को एक अनोखा पर्यटन स्थल बना दिया है। ब्लू लैगून एक प्राकृतिक गर्म पानी का झील है जो अपनी नीली जलधारा के कारण प्रसिद्ध है। यह स्थान विशेष रूप से अपने खनिजों से भरपूर पानी और अद्भुत दृश्य के लिए जाना जाता है। आइसलैंड में गीजर, जलप्रपात और ज्वालामुखी के अद्भुत .श्य भी देखने को मिलते हैं। यहां का थिंगवेलीर नेशनल पार्क और गोल्डन सर्कल ट्रेल भी पर्यटकों के बीच बहुत प्रसिद्ध हैं।

**इटली-वेनिस**

वेनिस इटली का एक ऐतिहासिक और रोमांटिक शहर है, जिसे अपनी अद्भुत नहरों और सुंदर वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां की गोंडोला नाव यात्रा और सेंट मार्क स्क्वायर पर आकर पर्यटक असली वेनिस की खूबसूरती का अनुभव कर सकते हैं। वेनिस का ऐतिहासिक महत्व और इसकी सड़कों पर चलने का अनुभव पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है। इस शहर की अद्भुत नहरों, ऐतिहासिक चर्चों, और महलों का .श्य अविस्मरणीय होता है।

**अर्जेंटीना-पातागोनिया**

पातागोनिया अर्जेंटीना और चिली का एक विशाल क्षेत्र है, जो अपनी खूबसूरत पहाड़ियों, बर्फीले ग्लेशियर्स और अद्वितीय वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। यह जगह उन यात्रा प्रेमियों के लिए आदर्श है जो प्रकृति के बीच शांतिपूर्ण वातावरण का अनुभव करना चाहते हैं। यहां के लोस ग्लेशियर्स नेशनल पार्क और फिट्ज रॉय माउंट की खूबसूरती पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। पातागोनिया में पर्यटक ट्रैकिंग, हाइकिंग, और वाइल्डलाइफ सेंट्री में घूमने का आनंद ले सकते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया-ग्रेट बैरियर रीफ**

ग्रेट बैरियर रीफ, जो दुनिया का सबसे बड़ा कोरल रीफ है, ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से मिलता है। यह स्थल न केवल समुद्र विज्ञानियों के लिए, बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है। यहां आप अद्भुत समुद्री जीवन, रंग-बिरंगे



कोरल, और मछलियों के झुंडों को देख सकते हैं। स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग के शौकिनों के लिए यह स्थान स्वर्ग से कम नहीं है।

**कनाडा-बन्फ नेशनल पार्क**

बन्फ नेशनल पार्क, कनाडा के एल्प्स पर्वत में स्थित है, और यह दुनिया के सबसे खूबसूरत नेशनल पार्कों में से एक है। यहां के नीले झीलें, बर्फ से ढके पहाड़, और घने जंगल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। लेक लुइस और मोरिन झील यहां के प्रमुख आकर्षण हैं। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और ट्रैकिंग, हाइकिंग, और स्कीइंग के लिए आदर्श है।

**जापान-फुजी पर्वत**

फुजी पर्वत, जापान का सबसे ऊंचा और पवित्र पर्वत है, जो यात्रा प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यह पर्वत विशेष रूप से अपनी भव्यता और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। हर साल हजारों लोग फुजी पर्वत की चोटी पर चढ़ने के लिए आते हैं। इसके अलावा, इसके पास के हाकोन झील और अशी झील भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**थाईलैंड-कओ सामुई**

कओ सामुई, थाईलैंड का एक खूबसूरत द्वीप है जो अपनी सफेद रेत, नीले पानी और शानदार समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के बीच रिजॉर्ट्स, जलप्रपात और प्राचीन मंदिर भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। समुद्र के किनारे आराम करने और पानी की गतिविधियों में भाग लेने के लिए यह आदर्श स्थान है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान से अमानवीय व्यवहार किया जा रहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। सुखान द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार, वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। बयान के अनुसार, उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं।

### नाटो ने एनपीटी प्रतिबद्धताओं के साथ परमाणु स्थिति दोहराई

**न्यूयॉर्क।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने मंगलवार को कहा कि वह परमाणु गठबंधन बना रहेगा और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करता रहेगा। नाटो ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान 'बिगड़ता सुरक्षा माहौल' एनपीटी के लिए नई चुनौतियां पेश कर रहा है, क्योंकि परमाणु प्रसार से जुड़े संकट लगातार बढ़ रहे हैं। गठबंधन देशों ने एनपीटी के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई। 1970 में लागू होने के बाद से यह संधि वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण रही है।

### रूस ने लुगांस्क क्षेत्र पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया: सेना प्रमुख

**मॉस्को।** रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की है कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। गौरतलब है कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं।

### कुब्रा सैत ने की ADHD पर खुलकर बात

**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के घरिए अपने अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) के सफर के बारे में खुलकर बात की और इसे अपनी कमी के बजाय अपना 'सुपर पावर' बताया है। वीडियो में कुब्रा ने बताया कि कैसे सालों की सेल्फ-रिफ्लेक्शन और थेरेपी ने उन्हें अपने मन को बेहतर तरीके से समझने में मदद की।



**जम्मू-कश्मीर। किश्तवार जिले में सिंथम टॉप तक बर्फ हटाने का काम पूरा हो चुका है, जिसके बाद दकसुम-किश्तवार सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया।**

## ईरान के परमाणु ठिकानों से सामग्री निकालना 'लंबी और कठिन प्रक्रिया': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के परमाणु स्थलों से सामग्री निकालना 'लंबी और कठिन प्रक्रिया' होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान के परमाणु स्थलों को 'पूरी तरह नष्ट' कर दिया गया है और वहां मौजूद समृद्ध यूरेनियम को निकालना आसान नहीं होगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर अमेरिकी मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिकी पायलटों को उनके योगदान का श्रेय देने में विफल रहा है और लगातार उनकी उपलब्धियों को कम करके दिखाता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना हुआ है और 10 दिन का अस्थाई युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

# भारत ने इजरायल की मदद कर कानून तोड़ा: यूएन दूत

## हथियार भेजना नियमों के खिलाफ, इससे ग्लोबल सिस्टम कमजोर हो रहा: फ्रांसेस्का अल्बनीज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के साथ उसके संबंध और युद्ध के समर्थन को लेकर भारत की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

'टार्चर एंड जेनोसाइड' नाम की इस रिपोर्ट को यूएन स्पेशल दूत फ्रांसेस्का अल्बनीज ने 23 मार्च को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पेश किया। द हिंदू से बात करते हुए उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि इजरायल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस ने इजरायल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है। इसके बावजूद भारत का हथियार भेजना नियमों के खिलाफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि कानून के साथ-साथ भारत की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। उनका मानना है कि भारत का इतिहास और न्याय की सोच ऐसे फैसलों के खिलाफ खड़ी होती है, लेकिन अभी सरकार का रुख उससे अलग नजर आ रहा है। टार्चर एंड जेनोसाइड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्टूबर 2023 से इजरायल ने गाजा और डिटेंशन सेंटर्स में फलस्तीनियों के खिलाफ व्यवस्थित यातना का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में गाजा को बहुत बड़ा यातना शिविर बताया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर अल्बनीज ने भारत की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इजरायल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फरवरी में इजरायल यात्रा और 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का जिक्र किया। उनके अनुसार, यह संबंध अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टार्चर केवल जेलों तक सीमित नहीं है। निगरानी, फेस रिकग्निशन, ड्रोन और चेकपाइंट्स के जरिए फिलिस्तीनियों के जीवन पर लगातार नियंत्रण रखा जा रहा है। इससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी भी एक तरह के मानसिक और सामाजिक दबाव में रहती है। अल्बनीज ने बताया कि गाजा में हालात बेहद खराब हैं। करीब 1,90,000 लोग 50 वर्ग किमी से कम इलाके में रह रहे हैं। वहां दवाइयों, साफ-सफाई और सुरक्षा की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कंसंट्रेशन कैंप से भी बदतर हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जेलों के अंदर और बाहर दोनों जगह एक जैसी नीतियां लागू हैं, जैसे भूख से दबाव बनाना और बुनियादी जरूरतों से वंचित रखना। उनके मुताबिक, यह सब लोगों की उम्मीद खत्म करने की कोशिश है।

**■ इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस ने इजरायल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है: फ्रांसेस्का**



# जापान दूसरे देशों को घातक हथियार बेचेगा

## 50 साल बाद टोक्यो ने नीति में बदलाव किया, ऑस्ट्रेलिया के साथ 7 अरब डॉलर का समझौता

**टोक्यो।** जापान ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद अपनी शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगी दशकों पुरानी रोक हटा दी है। इसके तहत अब जापान फाइटर जेट, मिसाइल और वारशिप जैसे हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ताकाइची ने कहा कि अब सभी रक्षा उपकरणों का ट्रांसफर संभव होगा। उन्होंने कहा कि हथियार सिर्फ उन देशों को दिए जाएंगे जो यूएन चार्टर (संविधान) के मुताबिक उनका इस्तेमाल करने का वादा करेंगे। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई देश जापानी हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

हाल ही में जापान और आस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। इसके तहत मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज आस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए 11 में से पहले 3 वारशिप बनाएगी। इससे पहले 1976 में लागू प्रावधानों के तहत जापान सिर्फ गैर-घातक सैन्य उपकरण ही निर्यात कर सकता था। इनमें निगरानी और माइन स्वीपिंग जैसे उपकरण शामिल थे। आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और जापान के रक्षा मंत्री कोइजुमी शिंजिरो ने मेलबर्न में मेमोरेंडम पर साइन किए। सेकेंड वलर्ड वार और हिरोशिमा-नागासाकी परमाणु हमले के बाद जापान ने तय किया कि वह युद्ध से दूर रहेगा। संविधान के आर्टिकल 9 में साफ लिखा गया कि जापान युद्ध नहीं करेगा और सेना सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित रहेगी। इसी वजह से जापान ने सेल्फ डिफेंस फोर्स (एसडीएफ) बनाई। 1976 में जापान ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी। हालांकि 2014 में थोड़ी ढील दी गई लेकिन सख्त सीमाएं बनी रहीं। अब नए फैसले में जापान ने अपनी शांति नीति में बड़ा बदलाव किया है। अल जजीरा के मुताबिक, इस फैसले के तहत कम से कम 17 देश जापान से हथियार खरीद सकेंगे। इसमें आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। अगर और देश जापान के साथ समझौते करते हैं तो यह सूची बढ़ सकती है। वहीं, जापानी अखबार असाही के मुताबिक जापान उन देशों को हथियार नहीं बेचेगा जहां फिलहाल युद्ध चल रहा है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला हो तो इसमें छूट दी जा सकती है। बदलते सुरक्षा हालात की वजह से यह बदलाव लाया गया हैं। खासतौर पर इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती ताकत, उत्तर कोरिया के मिसाइल टेस्ट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे घटनाक्रम इसकी बड़ी वजह माने जा रहे हैं। अब जापान सिर्फ शांतिवादी देश नहीं रहना चाहता बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा में एक सक्रिय और जिम्मेदार साझेदार बनना चाहता है। अल जजीरा के मुताबिक, ताकाइची ने इस फैसले को बदलते वैश्विक हालात से जोड़ा। उनके अनुसार, मौजूदा समय में कोई भी देश अकेले अपनी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता इसलिए सहयोग और साझेदारी जरूरी हो गई है। जापान के इस फैसले को सिर्फ विदेश नीति का बदलाव नहीं, बल्कि उसके डिफेंस इंडस्ट्री के लिए बड़ा टर्निंग पाइंट माना जा रहा है। दशकों तक हथियार निर्यात पर रोक होने की वजह से जापान की रक्षा कंपनियां घरेलू आर्डर तक सीमित थीं जिससे उनकी ग्रोथ धीमी रही। अब यह बाधा हटने से कंपनियों के लिए वैश्विक बाजार खुल गया है जिससे घरेलू डिफेंस इंडस्ट्री को स्केल (पैमाना) बढ़ाने का मौका मिलेगा। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जापानी कंपनियों को बड़े पैमाने पर नए ग्राहक मिलेंगे। अभी तक अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों का हथियार बाजार पर दबदबा था, लेकिन अब जापान भी इसमें एंट्री कर रहा है। रोजगार और इकोनामी पर भी इसका असर पड़ेगा।



**■ हाल ही में जापान और आस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है**
**■ 1976 में जापान ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी**

### ब्रिटेन और फ्रांस परमाणु शुरू कर रहे हैं हथियारों की होड़: रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को जन्म दे रहे हैं। यह परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। यह बात रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पुतनिक के साथ साक्षात्कार में कही। उन्होंने कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा कि ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं, जो हमारे देश के खिलाफ हैं। ब्रिटेन ने पहले भी अपनी परमाणु क्षमताओं में वृद्धि की घोषणा की थी और वह भी रूस-विरोधी नारों के तहत। यह अपने आप में हथियारों की होड़ को बढ़ाने का काम करता है, जो न केवल एनपीटी के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है, बल्कि संधि के प्रत्यक्ष दायित्वों के भी सीधे तौर पर विपरीत है।

# वेंस के साथ पाकिस्तान में दिखा विवादित करोबारी

**■ जहूर पाकिस्तान मूल का कारोबारी है, जिसका जन्म नार्वे के ओस्लो में हुआ**

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा के दौरान एक विवादित कारोबारी की मौजूदगी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उमर फारूक जहूर, जिसे नार्वे में बैंक फ्राड और मनी लान्ड्रिंग के मामलों में वांछित बताया जाता है, इस्लामाबाद में अमेरिकी अधिकारियों के साथ नजर आया। 11 अप्रैल को वेंस के इस्लामाबाद पहुंचने के दौरान सामने आए एक वीडियो में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ उन्हें एक शख्स से मिलवाते दिखे। बाद में उस शख्स की पहचान जहूर के रूप में हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब वेंस ईरान से जुड़ी शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। जहूर पाकिस्तान मूल का कारोबारी है, जिसका जन्म नार्वे के ओस्लो में हुआ और वह फिलहाल दुबई में रहता है। वह खुद को निवेशक और उद्यमी बताता है। हालांकि उसकी छवि अलग-अलग देशों में अलग है। यूरोप में उस पर गंभीर आरोप हैं, जबकि पाकिस्तान में उसे एक सफल निवेशक के तौर पर देखा जाता है। नार्वे की एजेंसियों के अनुसार, जहूर 2010 से नार्डिया बैंक से जुड़े फ्राड केस में वांछित है और उस पर मनी लान्ड्रिंग के आरोप भी हैं। उसे 2003 में गबन के मामले में सजा भी हो चुकी है।

## जब तक समझौता नहीं हो जाता नहीं हटाएंगे नाकेबंदी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि युद्ध खत्म करने को लेकर दोनों देशों के बीच नई बातचीत होगी या नहीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा है कि एक हफ्ता पहले शुरू हुई यह नाकेबंदी ईरान को पूरी तरह तबाह कर रही है और अमेरिका इस संघर्ष में काफी आगे चल रहा है।

# नोबेल शांति पुरस्कार की बढ़ रही चाहत

## ट्रम्प के बाद अब पाक के पीएम और सेना प्रमुख को भी सम्मानित करने की उठी मांग

**इस्लामाबाद।** पाक के खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को एक प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय में पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि इन दोनों नेताओं ने अपनी कूटनीति से क्षेत्रीय तनाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। दुनिया और क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच पाकिस्तान ने बहुत ही जिम्मेदारी और समझदारी से काम लिया। प्रस्ताव के मुताबिक, सदन क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति को बढ़ावा देने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया है। इस प्रस्ताव में शहबाज शरीफ और असीम मुनीर के नेतृत्व की जमकर तारीफ की गई है। इसमें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, रणनीतिक सूझबूझ और कूटनीतिक प्रयासों को सराहा गया है। प्रस्ताव का दावा है कि इन कोशिशों की वजह से पाकिस्तान की वैश्विक साख बढ़ी है। पाकिस्तान अब दुनिया के सामने एक जिम्मेदार और शांति चाहने वाले देश के रूप में उभरा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की इस भूमिका को पहचान मिली है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की। इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी कम किया जा सका। इन्हीं योगदानों को देखते हुए शहबाज शरीफ और असीम मुनीर का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजने की सिफारिश की गई है। हालांकि, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होने की संभावना कम है। क्योंकि, खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास बहुमत है। पीटीआई इस प्रस्ताव का विरोध कर सकती है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने साल 2022 में असीम मुनीर को सेना प्रमुख बनाने का विरोध किया था।



**■ प्रस्ताव में यह भी कहा: पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की**

# ट्रम्प के ऐलान से पहले दांव लगाकर करोड़ों कमाए

**■ बयान से कुछ मिनट पहले ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल, इनसाइडर ट्रेडिंग का शक गहराया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान एक दिलचस्प और विवादित ट्रेंड देखने को मिला है। कई ट्रेडर्स (शेयर बाजार में दांव लगाने वाले लोग) बड़े ऐलान से ठीक पहले करोड़ों डॉलर के दांव लगाते दिखे हैं। बीबीसी ने अलग-अलग फाइनेंशियल मार्केट के ट्रेड डेटा का विश्लेषण किया और उसे ट्रम्प के बड़े बयानों और घोषणाओं के समय से मिलाया। इसमें एक पैटर्न सामने आया कि कई बार उनके बयान आने से कुछ घंटे या मिनट पहले ही ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल दिखा। कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि यह इनसाइडर ट्रेडिंग का मामला हो सकता है। यानी सूचनाएं पहले ही लीक हो रही थीं, जिससे आम निवेशकों के भरोसे के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

## धमकियों के बीच अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा ईरान: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान ने धमकी के दबाव में अमेरिका के साथ बातचीत करने से इन्कार किया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने ईरान को समझौता करने के लिए मजबूर करने के मकसद से अमेरिका की ओर से अपनाए जा रहे हथकंडों (जिसमें नौसैनिक नाकेबंदी भी शामिल है) की कड़ी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध के मैदान में अपने नए पत्ते खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भारतीय के हत्यारे को उम्रकैद की सजा सुनाई

## गाजियाबाद यूपी के छात्र कार्तिक वासुदेव को कनाडा के टोरंटो स्थित हाईकोर्ट से मिला इंसाफ

**टोरंटो।** टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी की मानसिक बीमारी के आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग खारिज कर दी। टोरंटो की उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेन केली ने आरोपी रिचर्ड एडविन को दो अलग-अलग हत्याओं में प्रथम श्रेणी हत्या का दोषी करार दिया। यह हत्याएं 7 अप्रैल और 9 अप्रैल 2022 को हुई थीं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदालत ने उसे बिना पैरोल की संभावना के आजीवन कारावास की सजा दी। मामले में आरोपी ने 21 वर्षीय कार्तिक वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की थी। हालांकि बचाव पक्ष ने दलील दी थी कि घटना के समय वह मानसिक बीमारी सिजोफेनिया से पीड़ित था और सही-गलत में फर्क करने की स्थिति में नहीं था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार न माना जाए। अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था, लेकिन यह दलील स्वीकार नहीं की कि वह अपने कृत्य की प्रकृति समझने में असमर्थ था। इसी आधार पर अदालत ने एनसीआर (आपराधिक रूप से उत्तरदायी नहीं) की याचिका खारिज कर दी। फैसले में अदालत ने बताया कि कार्तिक वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन के पास ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहे थे, तभी आरोपी तेजी से उनके पास से निकला, फिर वापस मुड़ा और उनकी पीठ पर कई गोलियां दाग दीं। कार्तिक वासुदेव गाजियाबाद के रहने वाले थे और सेनेका कॉलेज में मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे। वह जनवरी 2022 में उच्च शिक्षा के लिए कनाडा गए थे, लेकिन कुछ ही महीनों बाद उनकी हत्या कर दी गई। बताया गया था कि लूटपाट के चलते गोली मारी गई।



**■ अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था**

